वर्ष 23, अंक 241, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net


प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज    गुरूवार 26 सितम्बर 2024    विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### जम्मू कश्मीर इलैक्शनः

## दूसरे चरण में 54 फीसदी से ज्यादा वोटिंग, जानें कहां हुआ सबसे ज्यादा मतदान

**जम्मू कश्मीरः** जम्मू कश्मीर में दूसरे चरण की वोटिंग हो गई है. चुनाव आयोग की ओर से शाम पांच बजे तक के जारी आंकड़ों के मुताबिक 54 फीसदी से ज्यादा वोटिंग हुई है. मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ था. चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार जम्मू क्षेत्र में माता वैष्णो देवी सीट पर सबसे अधिक 75.29 फीसदी मतदान हुआ. इसके बाद पुंछ-हवेली में 72.71, गुलाबगढ़ (आरक्षित) में 72.19 और सुरनकोट में 72.18 फीसदी मतदान हुआ. कश्मीर घाटी में 15 विधानसभा क्षेत्रों में से खानसाहिब सीट पर 67.70 प्रतिशत मतदान हुआ. इसके बाद कंगन (आरक्षित) में 67.60 प्रतिशत और चरार-ए-शरीफ में 66 फीसदी मतदान हुआ. वहीं हब्बाकदल निर्वाचन क्षेत्र में शाम पांच बजे तक सबसे कम 15.80 फीसदी मतदान हुआ.



**जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में रचा जा रहा इतिहास सीईसी**

वहीं, मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में इतिहास रचा जा रहा है. उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर कभी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बहिष्कार का आह्वान किया जाता था. वहां आज मतदान केंद्रों के बाहर लोग लंबी कतारों में खड़े हैं. उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि दूसरे चरण का शत-प्रतिशत सीसीटीवी कवरेज हो रहा है और कोई भी भी देख सकता है कि वोट डालने के लिए युवा, महिलाएं, बुजुर्ग कतारों में खड़े हैं एवं अपनी बारी का धैर्य के साथ इंतजार कर रहे हैं. भाषा इनपुट के साथ

**लोकसभा चुनाव से भी ज्यादा मतदान**

जम्मू और कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग पूरी हो गई है. शाम 7 बजे तक मतदान केंद्रों पर 54.11 फीसदी मतदान दर्ज किया गया. 26 विधानसभा क्षेत्रों में आज सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ. मतदान बिना किसी हिंसा की घटना के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ. चुनाव आयोग ने कहा कि दूसरे चरण में मतदान के लिए गए इन छह जिलों में दर्ज किया गया कुल मतदान लोकसभा चुनाव 2024 में दर्ज किए गए मतदान से भी अधिक है.

### कश्मीर में मतदान के दूसरे चरण के बीच विदेशी राजनयिकों का दौरा

जम्मू और कश्मीर विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण का मतदान हो रहा है. इस दौर के लिए भारत सरकार ने 16 देशों के राजनायिकों को मतदान प्रक्रिया देखने का निमंत्रण दिया है. कश्मीर के कुछ नेताओं ने इसपर नाराजगी जताई है। भारी सुरक्षा के बीच जम्मू और कश्मीर की 26 सीटों पर मतदान जारी है. इनमें कश्मीर की 15 सीटें और जम्मू की 11 सीटें शामिल हैं. मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, कई जगह मतदाता तड़के ही मतदान केंद्रों के बाहर पहुंच गए थे. कई मतदान केंद्रों के बाहर लंबी कतारें भी देखी गईं। इस दौर में पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष रविंदर रायना और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष तारिक हमीद कारा जैसे नेताओं की भी किस्मत का फैसला होगा. पहले चरण में करीब 61 प्रतिशत मतदान हुआ था. इस चरण में भी मतदान प्रतिशत ऊंचा रहने की उम्मीद है। साल 2019 में जम्मू और कश्मीर के विशेष राज्य का दर्जा खत्म करने और राज्य को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के बाद पहली बार यहां विधानसभा चुनाव कराए जा रहे हैं. लगभग सभी स्थानीय पार्टियां, कई राष्ट्रीय दल और कई निर्दलीय उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे हैं।

## राष्ट्रपति गुरुवार को सियाचिन बेस कैंप का दौरा करेंगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरुवार को दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन बेस कैंप का दौरा करेंगी।



राष्ट्रपति भवन ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 26 सितंबर को सियाचिन बेस कैंप का दौरा करेंगी और वहां तैनात सैनिकों से बातचीत करेंगी। उल्लेखनीय है कि सियाचिन ग्लेशियर समुद्र तल से लगभग 20,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित दुनिया का सबसे ऊंचा सैन्य क्षेत्र है। यहां सैनिकों को कड़ाके की ठंड और तेज हवाओं से जूझना पड़ता है।

### डीयू छात्रसंघ चुनाव : छात्र संगठनों ने एक-दूसरे पर लगाए हिंसा के आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव प्रचार में छात्र संगठनों पर तोड़फोड़ के आरोप लगने लगे हैं। बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एनएसयूआई के छात्रों पर गुंडागर्दी का आरोप लगाया। एबीवीपी ने कहा कि एनएसयूआई के छात्र डीयू के मिरांडा हाउस कॉलेज में गेट तोड़कर अंदर घुसे और उन्होंने छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की। विद्यार्थी परिषद का कहना है कि बुधवार दोपहर करीब 12 बजे दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस स्थित मिरांडा हाउस में एनएसयूआई के लोग जबरदस्ती डूसू चुनाव प्रचार के नाम पर गेट तोड़कर बड़ी संख्या में अंदर घुस गए।

## दिल्ली का आबोहवा खराब श्रेणी में, 235 एक्यूआई किया गया दर्ज

**नई दिल्ली।** राजधानी में एक बार फिर प्रदूषण की समस्या बढ़ने लगी है। बुधवार को दिल्ली का दैनिक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 235 दर्ज किया गया, जो कि खराब श्रेणी में आंका जाता है।




केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा उपलब्ध कराए गए शाम 4 बजे के एक्यूआई बुलेटिन के अनुसार दिल्ली का दैनिक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) आज 235 दर्ज किया गया। राजधानी में प्रदूषण की निगरानी और जीआरएपी के प्रतिबंधों को लागू करने के लिए गठित वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ( सीएक्यूएम) की उप-समिति ने बुधवार को बैठक की और स्थिति का जायजा लिया।

उप-समिति ने कहा कि दिल्ली के औसत एक्यूआई में पहले से ही गिरावट का रुझान दिखना शुरू हो गया है, क्योंकि शाम 5 बजे यह सुधरकर 232 हो गया है और समय के साथ इसमें और सुधार होने की उम्मीद है। भारत मौसम विभाग और आईआईटीएम के पूवार्नुमान से यह भी संकेत मिलता है कि आने वाले कुछ दिनों में दिल्ली में हल्की बारिश होने की संभावना है, जिससे दिल्ली के समग्र एक्यूआई में सुधार होते हुए 'मध्यम' श्रेणी में आ सकता है।

उप-समिति ने सर्वसम्मति से जीआरएपी के चरण- क के तहत कार्रवाई शुरू करने से पहले एक या अधिक दिन तक स्थिति पर नजर रखने का निर्णय लिया गया। उप-समिति आगे के निर्णयों के लिए स्थिति पर कड़ी नजर रखेगी। उल्लेखनीय है कि एक्यूआई शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 450 के बीच 'गंभीर' माना जाता है। एक्यूआई के 450 से ऊपर हो जाने पर इसे 'अति गंभीर' श्रेणी में माना जाता है।

## बदलापुर एनकाउंटर में मारे गए अक्षय शिंदे का शव दफनाया जाएगा

**मुंबई।** बदलापुर एनकाउंटर में मारे गए अक्षय शिंदे के शव को दफनाए जाने का निर्णय उसके पिता अन्ना शिंदे ने लिया है। बाम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को पुलिस को अक्षय शिंदे का अंतिम संस्कार करवाने में मदद करने का आदेश दिया है। अक्षय के परिवार ने उसके शव का अंतिम संस्कार करने के लिए जगह नहीं मिलने की शिकायत कोर्ट में की थी। इस पर सरकारी वकील ने उनसे कहा कि सरकार उन्हें जगह मुहैया कराएगी। हम नगर निगम प्रशासन से चर्चा करेंगे और अक्षय शिंदे के अंतिम संस्कार के लिए जगह उपलब्ध कराएंगे। अन्ना शिंदे के वकील अमित कटारनवारे ने बुधवार को हाई कोर्ट को बताया था कि मृत अक्षय शिंदे के शव का अंतिम संस्कार करने का विरोध किया जा रहा है। इस पर कोर्ट ने कहा कि पुलिस इस संबंध में अक्षय के पिता की मदद करें और अंतिम संस्कार के लिए श्मशान में जगह उपलब्ध करवाएं।

### राहुल ने कृषि कानूनों के मुद्दे पर प्रधानमंत्री से मांगा जवाब

## कंगना के खेद जताने के बाद भी कांग्रेस उछाल रही मुद्दा,

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंडी (हिमाचल प्रदेश) से सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के बयान को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से तीन कृषि कानूनों को लेकर वस्तुस्थिति पर जवाब मांगा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी समय-समय पर अपने नेताओं के माध्यम से इस तरह के षड्यंत्र करती रहती है।



उल्लेखनीय है कि किसान आंदोलन के बाद रद्द किए गए तीन कृषि कानूनों का कंगना ने समर्थन किया था। कल एक बयान में उन्होंने इसे दोबारा लाए जाने के पक्ष में बयान दिया था। हालांकि भाजपा ने उनके बयान से किनारा कर लिया है और खुद कंगना ने भी इसको लेकर खेद जताया है।

एक वीडियो वक्तव्य में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि तीन कृषि कानूनों के चलते 700 से ज्यादा किसानों की जान गई थी। इसमें से ज्यादातर पंजाब और हरियाणा से थे। भाजपा का अभी भी मन नहीं भरा है।

आईएनडीआई गठबंधन भाजपा के षड्यंत्र को कामयाब नहीं होने देगा। अगर मोदी सरकार किसानों को नुकसान पहुंचाने के लिए कोई कदम उठाती है तो इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी को फिर से माफी मांगनी होगी।

### कुरूक्षेत्र, लाड़वा की रैलियों में गडकरी ने कहा, किसान पराली न जलाएं

## पराली अब किसानों की समृद्धि का कारण बनेगी: गडकरी

**चंडीगढ़।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि हरियाणा में पराली जलाने की बड़ी समस्या है। उन्होंने किसानों से पराली ना जलाने का अनुरोध करते हुए कहा कि पराली अब किसानों के लिए समृद्धि का कारण बनने जा रही है। नई तकनीक के करीब 400 प्लांट देश में चल रहे हैं। इसमें से 60 प्लांट पंजाब और हरियाणा में हैं। पराली से बॉयो सीएनजी, बॉयो एलएनजी तैयार हो रही है। पानीपत में इंडियन ऑयल ने बहुत बड़ा प्लांट बनाया है, जहां पर एक लाख लीटर ईंधन तैयार हो रहा है। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने आज थानेसर से भाजपा उम्मीदवार सुभाष सुधा के समर्थन में एक जनसभा और लाड़वा विधानसभा से




उम्मीदवार एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी के समर्थन में बुद्धिजीवी सम्मेलन को संबोधित किया। यहां गडकरी ने कांग्रेस को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गरीबी हटाने का नारा दिया और गरीबी अपने चेले चपाटों और चमचों की हटाई। उन्होंने कहा कि लोगों की गरीबी हटी नहीं, पर कांग्रेस के लोग मालोमाल हो गए। उन्होंने कहा कि हरियाणा और पंजाब हमारे लिए अनाज का भंडार है। किसानों के परिश्रम से जितने गेहूं और चावल प्रति एकड़ हरियाणा और पंजाब में पैदा होते हैं, उतने देश में कहीं नहीं होते। नितिन गडकरी ने कहा कि पहले किसान अन्नदाता कहे जाते थे, हमारी सरकार ने अब ऊजार्दाता बना दिया है। कुरूक्षेत्र जिले में जितनी बिजली खर्च होती है, उतनी बिजली हमारी चार मिलें तैयार कर रही हैं। पिछले साल 1200 रुपये प्रति क्विंटल किसानों की मक्का की फसल बिकती थी। हमने मक्का से बॉयो इथेनाल बनाने की शुरूआत की, इसलिए अब मक्का 2648 रुपये प्रति क्विंटल बिक रही है।

## अमानतुल्लाह खान ने जेल में मांगा इलेक्ट्रिक केतली और ग्लूकोमीटर

**नई दिल्ली।** वक्फ बोर्ड की भर्ती से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में एक अर्जी दाखिल करके जेल के अंदर इलेक्ट्रिक केतली और ग्लूकोमीटर ले आने की अनुमति मांगी है। इस पर तिहाड़ जेल प्रशासन ने जवाब दाखिल किया है। स्पेशल जज राकेश स्याल ने इस मामले पर अगली सुनवाई कल यानि 26 सितंबर को करने का आदेश दिया।




ईडी ने 2 सितंबर को अमानतुल्लाह खान को गिरफ्तार किया था। अमानतुल्लाह खान फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। कोर्ट ने 23 सितंबर को अमानतुल्लाह खान को 7 अक्टूबर तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था।

## हरियाणा के लोगों को केजरीवाल ने दी पांच गारंटी

### मिलेगी मुफ्त बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा

**महम।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव में महम विधानसभा से आप उम्मीदवार विकास नेहरा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान केजरीवाल ने लोगों को पांच गारंटी दी।

केजरीवाल ने कहा, यह केजरीवाल की गारंटी है, बाकी लोगों की तरह यह फर्जी नहीं है। पहली गारंटी यह है कि मैं आप लोगों के लिए बिजली फ्री कर दूंगा। 24 घंटे बिजली मिलेगी। पिछले सभी बिल माफ कर दिए जाएंगे। दूसरी गारंटी के रूप में दिल्ली की तरह यहां भी मोहल्ला क्लीनिक, शानदार अस्पताल बनाएंगे। यहां फ्री में इलाज की सुविधा मिलेगी। तीसरी गारंटी के तहत बच्चों के लिए शानदार सरकारी स्कूल बनाएंगे। हमारे स्कूल के सामने निजी स्कूल बंद हो जाएंगे। चौथी गारंटी हर महिलाओं को एक हजार रुपये दिए जाएंगे। दिल्ली में 12 लाख युवाओं को रोजगार दिया है, यहां भी युवाओं के लिए रोजगार का इंतजाम किया जाएगा। केजरीवाल ने कहा, यह गारंटी हम पूरी करके दिखाएंगे, क्योंकि, यहां पर सरकार जिस भी पार्टी की बने, हमारे समर्थन के बिना नहीं बनने वाली है।

केजरीवाल ने कहा, आज महम में, मैं अपने परिवार के बीच आया हूं। महम में मेरे मामा जी रहते हैं, महम का मैं भांजा हूं। मैंने हिसार में 11-



12वीं पढ़ी और इसके बाद आईआईटी खड़गपुर चला गया। इसके बाद इनकम टैक्स कमिश्नर की नौकरी करने दिल्ली चला गया। मैंने हरियाणा से निकलने के बाद हरियाणा का नाम दुनियाभर में रोशन किया। आपके लाल की दिल्ली और पंजाब में सरकार है और इस बार अपने लाल को अपनी जन्मभूमि की सेवा करने का मौका दे दो।

केजरीवाल ने कहा, ये लोग कहते हैं कि केजरीवाल चोर है। आज मैं आपसे पूछता हूं कि जनता को फ्री में बिजली देने वाला चोर है या लोगों को महंगी बिजली देने वाला चोर है? हमने दिल्ली में सरकारी स्कूलों को बेहतर बना दिया। वहां बच्चों को विश्व स्तरीय शिक्षा मिलती है। गली-गली में मोहल्ला क्लिनिक खोल दिए। सरकारी अस्पतालों में इलाज और दवाएं मुफ्त कर दी। अरविंद केजरीवाल देश और जनता के लिए काम करता है और अंतिम सांस तक करता रहेगा।

# मांडा थाने के सामने सड़क पर हंगामा धरने पर बैठा बहन के साथ सिपाही

अखंड भारत संदेश



**मांडा।** मुंहबोली बहन के खिलाफ दर्ज मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगवाने और क्रास केस दर्ज कराने की मांग को लेकर एक सिपाही और उसकी बहन मांडा थाने के सामने सड़क पर बैठ कर विरोध प्रदर्शन करने से थाना परिसर के आस पास के लोगो में हलचल मच गई। चारों तरफ जाम लग गई।पुलिस ने दोनों को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह उठने को तैयार नहीं थे। पुलिस ने दोनों का शांतिभंग में चालान कर दिया । गौरतलब हो कि बुधवार को एक मुकदमे की वांछित महिला सविता यादव ने अपने पुलिस आरक्षी मुंहबोले भाई के साथ मिलकर मांडा थाने के सामने सड़क पर जमकर हंगामा किया। वह अपने खिलाफ दर्ज मुकदमे को खत्म कराने और क्रॉस मुकदमा दर्ज कराने के लिए मांडा पुलिस पर दबाव बना रही थी। काम न होने पर आक्रोशित होकर दोनों थाने के सामने सड़क पर बैठ कर प्रदर्शन करने लगे। इसकी जानकारी होने पर तुरन्त पुलिस पहुंच गई और दोनों को उठाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। इसके बाद दोनों का शांति भंग में चालान कर दिया।

## पहले से ही था मारपीट का मुकदमा दर्ज

सविता पर पहले से ही मारपीट का मुकदमा दर्ज है और शांति भंग में चालान भी हुआ था। मांडा थाना क्षेत्र के महेवा कला गांव निवासी सविता यादव और कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात सिपाही राज प्रताप सिंह ने बुधवार दोपहर मांडा थाने के सामने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की सूचना पर दरोगा योगेंद्र उपाध्याय मौके पर पहुंचे और दोनों को हिरासत में ले लिया। इस दौरान तमाशबीनों की भीड़ जमा हो गई। बता दें कि बीते 27 जून व छह जुलाई को सविता यादव और उसका देवर बच्चा यादव ने पड़ोसी सुकुरू निषाद और उसकी पत्नी दुर्गा देवी के साथ मारपीट की थी, जिसमें दोनों का हाथ टूट गया था। पीड़ित सुकुरू निषाद और दुर्गा देवी की तहरीर पर मांडा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। उक्त मामले में आठ जुलाई को आरोपी सविता का पुलिस ने शांति भंग में चालान भी किया था। जिसके बाद सविता फर्जी आरोप लगाकर सुकुरू निषाद, उसकी पत्नी दुर्गा देवी और भाई अजय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की कोशिश कर रही है।उक्त मामले में इंस्पेक्टर मांडा शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी सविता अपने खिलाफ दर्ज मुकदमे में एफआर लगाने के लिए दबाव बना रही थी। सड़क पर प्रदर्शन करने पर महेवा कला निवासिनी सविता यादव व जिला कौशांबी थाना पिपरी निवासी राज प्रताप सिंह का शांति भंग में चालान किया गया है।

## धर्म, अध्यात्म का ज्ञान बच्चों को दिया जाना बहुत जरूरी- आनंद भूषण जी महाराज

**सहसों।** चंदरपुर उर्फ बसमहुआ गांव में चल रही सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महा पुराण कथा ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस पर श्री अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास पूज्य श्री आनंद जी महाराज के अमृतमयी वाणी से भक्त श्रोताओं को प्रहलाद चरित्र, वामन चरित्र, ध्रुव चरित्र एवं भरत चरित्र अजामिल कल्याण का सजीव वर्णन किया गया। कथा व्यास ने प्रसंग को गुरु वंदना करते हुए बताया कि भक्त प्रहलाद ने अपनी माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से ही भक्त प्रहलाद के कई कष्ट दूर हो गए थे। कथा व्यास ने भगवान श्री कृष्ण की पावन लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाना अधिक शुभ फल कारक होता है। जिससे जीवन भर उसका ही स्मरण रहते संस्कारी हो सके। बच्चों में धर्म व आध्यात्म का ज्ञान अवस्य दिया जाना चाहिए। माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है। अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ। उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य भोगने का वरदान प्राप्त हुआ था।

## विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी



**सहसो/फूलपुर।** प्राथमिक विद्यालय बेलवा सहसों प्रयागराज में अराजक तत्वों द्वारा आज विद्यालय का ताला तोड़कर घुसकर किचन को तोड़कर चोरी की गई। चोरों ने दो गैस सिलेंडर, दो बड़े-बड़े भगोना, कलछुला, चूल्हा के साथ-साथ विद्यालय में रखे हुए राशन गेहूं और चावल उठा ले गए। चोरों का आतंक लगातार बना हुआ है।कभी ताला तोड़कर सामान उठा ले जाते हैं तो कभी बिजली को सप्लाई तोड़ देते हैं।ऐसे में विद्यालय का संचालन बहुत कठिन होते जा रहा है।आज जिउतिया की पूजा की वजह से महिला अवकाश होने के कारण विद्यालय में विकास कुमार प्रभारी प्रधानाध्यापक थे।जब वह विद्यालय पहुंचे तो यह देखकर दंग रह गए उन्होंने इसकी सूचना खंड शिक्षा अधिकारी फूलपुर को दिया साथ ही इसकी सूचना सरसों क्षेत्र के थाना थरवई में भी लिखित रूप से दी । अभी तक कोई पुलिस कार्रवाई नहीं की गई है । ऐसे में ग्राम प्रधान बेलवा धर्मेंद्र कुमार के साथ रसोईया भी आसपास के क्षेत्र में घूम कर निगरानी किया गया लेकिन सामान एवं चोरों के बारे में कोई सुराग नहीं लग पाई।

# चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर कथित पट्टीदारों ने वृद्ध महिला की करोड़ों की भूमि कराया बैनामा

अखंड भारत संदेश

## पीड़िता महाराजी देवी ने मेजा पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की लगाई गुहार

**मेजा।** 93वें वर्षीय एक वृद्ध विधवा की करोड़ों की संपत्ति को कथित दबंगों द्वारा धोखे से बैनामा करवाने का मामला प्रकाश में आने पर इलाके में हड़कंप मच गया। पीड़िता महाराजी देवी ने अपने ही पट्टीदारों पर जालसाजी का आरोप लगाते हुए मेजा पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के मेजा खास गांव की रहने वाली पीड़िता महाराजी देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है कि वह 93 वर्षीय वृद्ध विधवा महिला है और उसे कोई पुत्र नहीं है। सिर्फ एक पुत्री शान्ती सिंह है वही उसकी सेवा सुरक्षा व देखभाल करती है। पीड़िता वृद्ध ने अपने ही पट्टीदारों



पर आरोप लगाया है कि बीते19 जुलाई 2024 को वह घर में अकेली थी इसी बीच उसके कथित पट्टीदार जो दबंग एवं भूमाफिया हैं उसे चाय में नशीला पदार्थ पीला दिया और चार पहिया गाड़ी से मेजा तहसील ले जाकर उसकी करोड़ों की जमीन जो कई गाटों में है सम्पूर्ण हिस्सा का कूटरचना षडयंत्र जालसाजी एवं धोखे से बिना प्रतिफल दिये ही शैल कुमारी नामक महिला के नाम उपनिबन्धक कार्यालय मेजा में बैनामा करा लिया है और उसे भूमिहीन कर दिये है। फिलहाल जानकारी होने पर वृद्ध महराजी देवी और उसकी इकलौती बेटी ने मेजा पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।

## खंड विकास अधिकारी ने किया ग्राम्य भ्रमण विकास कार्यों की ली जानकारी,

**कोरांव।** खंड विकास अधिकारी कोरांव मनोज कुमार सिंह ने अचानक ग्राम पंचायत अल्हवा एवं जमुआ धूंस का भ्रमण कर विकास कार्यों की जानकारी ली। श्री सिंह अल्हवा में मनरेगा पार्क,सचिवालय भवन,विद्यालय और प्रस्तावित निर्माण कार्यों का जाएजा लिया। बीडीओ ने अनुपस्थित अध्यापकों की जानकारी शिक्षा मित्र से की। संदिग्ध स्थिति में अनुपस्थित टीचर को उपस्थित दर्शाए जाने की नाराजगी जताई। और कार्यवाही की बात कही। उन्होंने विद्यालयों की स्थिति देखी। प्रधान से और भी कायाकल्प किए जाने की बात कही। ग्राम प्रधान ने निधि में सीमित राशि मिलने के कारण विकास कार्यों में आ रही दिक्कतों की बात बताई। प्रधान ने बोला यदि फंड इस ग्राम सभा को समुचित रूप से मिले तो विकास में कमी नहीं आएगी। उन्होंने विद्यालय में आने वाली हर साल की राशि को मिला के कायाकल्प किए जाने का सुझाव दिया। इसी तरह ग्राम जमुआ में हुई शिकायत की जांच अवर अभियंता के साथ की।

# नवरात्रि में पूजा स्थलों के पास मांस मदिरा की दुकानें बंद कराने को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** शिवसेना की प्रदेश सचिव श्रीमती रुचि अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में सैकडो शिवसैनिको ने महिलाओ और बेटियो की सुरक्षा के लिये नवरात्रि में पूजा पाठ स्थलो एवं मंदिरो के आस पास मांस और मदिरा की दुकानें बंद कराने को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी कार्यालय प्रांगण में सैकडो शिवसैनिको के साथ पहुंची शिवसेना की प्रदेश अध्यक्ष ने नवरात्र पर्व पर मांस मदिरा की दुकान को पूर्ण रूप से बंद रखने की मांग रखा। उन्होंने कहा सभी मंदिरो, पूजा-पाठ स्थलो के आस पास पूजा करने वाली माताओ, बहनो, बेटियो को इन मांस मदिरा की दुकान के आस पास के स्थानो पर असुरक्षित महसूस करना पडता है। नवरात्र पर्व पर मांस मदिरा की दुकान बंदी के लिए शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे जी का निर्देश मिला है। देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व की केन्द्र सरकार में शिवसेना सहयोगी दल है और सनातन गौरव के लिए सदा सबसे आगे खडी है। रुचि अभिषेक तिवारी ने यह भी कहा कि अब माताओ बहनो और बेटियो की सुरक्षा का दायित्व शिवसेना का है महिलाओं के साथ होने वाली किसी भी वारदात को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में (अपर जिलाधिकारी)नगर ने आकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन स्वीकार किया। इस दौरान श्रीमती तिवारी ने जिला कचहरी के अधिवक्ताओ से भी मुलाकात की, सभी ने मेजा की इस बेटी का स्वागत एवं अभिनंदन किया और उनकी इस पहल पर खुशी व्यक्त की। शिवसेना प्रदेश सचिव ने संगठन के सभी पदाधिकारियो, सदस्यो का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मनोज तिवारी,चन्द्रमा शुक्ला ,बबलू उपाध्याय, अरविन्द मिश्रा,अभिषेक अंकुर ,विश्वनाथ चौधरी,सोनू सेठ जिला प्रमुख ,शशिकांत भारतीय जिला प्रमुख युवा सेना, वी.पी सिंह प्रमुख अधिवक्ता प्रकोष्ठ, देवेन्द्र सिंह,विकास तिवारी विक्की, रोहन तिवारी, शिवाकांत दुबे, सुरेश कुशवाहा,धीरज सोनी, राहुल श्रीवास्तव, मनीष शुक्ला आशीष, हिछ्लाल निषाद, अजय सिंह जिला मीडिया प्रभारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। प्रदेश संगठन प्रमुख, शिवसेना उप्र अरविंद तिवारी जी विशेष रूप से सम्मिलित हुए।

## मंडल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में चार खिलाड़ियों का प्रदेश स्तरीय चयन



**करछना।** मंडल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज में हुआ। जिसमें कौंधियारा के विभिन्न भार वर्ग के कुल4 खिलाड़ियों का चयन प्रदेश स्तर के लिए हुआ। बुधवार को मंडल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज में हुआ। प्रतियोगिता में करछना के पांच छात्रों का चयन हुआ, जिसमें चार छात्र छत्राएँ श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज कौंधियारा के रहे। जूनियर बालक वर्ग में श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज के अवनीश गौतम, जूनियर बालिका वर्ग में श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज की ही शालू साहू एवं सब जूनियर बालिका वर्ग में साधना पटेल और आकांक्षा यादव का चयन हुआ। सब जूनियर बालक वर्ग में लाल बहादुर शास्त्री इण्टर कॉलेज से अमन शर्मा का चयन हुआ। प्रदेश स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 29 सिंतबर को गोरखपुर में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान शिक्षक सुरेश सिंह, राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, बृजेश सिंह सहित अन्य विद्यालयों के खेल शिक्षक मौजूद रहे।

## पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य शिविर का आयोजन संपन्न



**सोरांव।** बुधवार को राजकीय उप पशु चिकित्सालय सोरांव में कार्यरत उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर रेवती प्रसाद की अध्यक्षता में सोरांव ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत राजापुर मलहुआ गांव में पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन ग्राम प्रधान राम लखन यादव ने किया। शिविर में 978 पंजीकृत को टीकाकरण, बधिया, बांझपन चिकित्सा, गर्भ परीक्षण, कृमिनाशक दवापान, कृत्रिम गभार्धान आदि विभागीय कार्य किए गए। इस मौके पर डॉक्टर रेवती प्रसाद ने कहा कि सरकार की तरफ से पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी संग पशु पालकों को योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। इस मौके पर फर्माशिस्ट डॉक्टर अमृत लाल, सदाकांत संग पशुपालक रहे।

## अ.भा. ग्राम प्रधान संगठन की बैठक कोरांव में आयोजित



**कोरांव।** अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन की बैठक कोरांव ब्लॉक के प्रधान सा गठन सभागार सहित अन्य ब्लॉकों में भी आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता सत्येंद्र त्रिपाठी प्रदेश उपाध्यक्ष ने की। जिसमें प्रदेश स्तरीय नेता काजी साहब,श्रीमती नीलम पथिक, जिला अध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। बैठक में प्रधानों की समस्याओं पर चर्चा हुई। और आगामी एक अक्तूबर को प्रयागराज में होने वाले प्रधानों की विभिन्न समस्याओं को ले कर होने वाले मांग पत्र और प्रदर्शन पर चर्चा की गई। और भारी संख्या में एकत्रित होने की अपील की गई। कई ग्राम प्रधानों ने अपने अपने उदगार ब्यक्त किए। संचालन रामानुज यादव ब्लॉक अध्यक्ष ने किया।

# उपमुख्यमंत्री से मिलकर गांव में व्याप्त भ्रष्टाचार की करी शिकायत

अखंड भारत संदेश



उपमुख्यमंत्री से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं को बताते फरियादी

**करछना।** प्रयागराज तहसील अन्तर्गत विकास खंड कौंधियारा के ग्राम पंचायत खीरी का मोनू द्विवेदी पुत्र कृपा कांत द्विवेदी 16 सितंबर को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात कर गांवो में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत की है। उपमुख्यमंत्री द्वारा तत्काल जिलाधिकारी प्रयागराज से मोबाइल पर बात कर 23 सितंबर को जिलाधिकारी प्रयागराज को पत्र लिखकर पूरे मामले के निस्तारण को आदेशित किया है। मोनू द्विवेदी ने विकासखंड के ग्राम पंचायत में नाली,खण्डंजा, आवास एवं मनरेगा के कार्यों के साथ ही शासनादेश के विपरीत ग्राम पंचायत खीरी सहित विकास खंड की तीन ग्राम पंचायतो में महिला प्रधान होते हुए प्रधानपति रोजगार सेवक के रूप में कार्य करते हुए भ्रष्टाचार करने की शिकायत की है। बताते चलें कि शासनादेश व शासन के मंशा के अनुरूप जिन ग्रामपंचायत में पत्नी प्रधान निर्वाचित हुई है उक्त गांव में ही पति रोजगार सेवक के पद पर कार्य नहीं कर सकता है यह निर्देश प्रयागराज में पंचायत चुनाव के बाद ही जारी हुआ था किन्तु विकासखंड कौंधियारा में इसका अनुपालन नहीं कराया गया जिससे प्रधान पति ही रोजगार सेवक और प्रधान दोनों का कार्य देख रहे हैं और रोजगार सेवक के पर रहते हुए शासन की गोपनीयता को भंग कर रहे हैं और मनरेगा, आवास, शौचालय, सड़क , वृक्षारोपण, तथा जल निकासी के नाम पर दोनों हाथ से शासन के पैसे को लूटकर बंदरबांट कर रहे हैं। मनरेगा योजना में दिल्ली और मुंबई रहने वालों की हाजिरी लग रही है व्यापक स्तर पर अपात्रो को आवास आवंटित हो रहे हैं और पात्र लोग दर दर भटकने को मजबूर हैं। पहले से निर्मित सड़क और नालियों का रंग-रोगन कर सरकारी धन का गबन किया जा रहा है।

# ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल में रश्मि रथी काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र ब्लाक उरुवा के अंतर्गत ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल, मवईया रोड, रामनगर, ₹रश्मि रथी के तृतीय सर्ग पर आधारित एक काव्य पाठ प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी अद्वितीय प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में हिंदी साहित्य के प्रति प्रेम विकसित करना और उनकी काव्य पाठ क्षमता को बढ़ावा देना था, जिसमें कर्ण और भगवान श्रीकृष्ण के बीच संवाद को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया।प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप, निम्नलिखित छात्रों को विजेता घोषित किया गयाः पहला पुरस्कार - सूर्या यादव, उनकी प्रभावशाली और भावनात्मक प्रस्तुति के लिए। दूसरा पुरस्कार- अमन, उनकी सुंदर और विचारशील प्रस्तुति के लिए। तीसरा पुरस्कार - कृष, उनकी सरल लेकिन आकर्षक प्रदर्शन के लिए। विद्यालय के निदेशक डॉक्टर नीरज कुमार ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके समर्पण और काव्य प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों में साहित्यिक रुचि और रचनात्मकता को बढ़ावा देती हैं। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, विशेष रूप से



शेष नाथ तिवारी सर, अजीत सिंह सर, विनीत सर, शर्मा सर, के.के. दुबे सर, दीप चंद सर ,जागृति सेठ , कामिनी मैडम, जिनके प्रयासों ने इस प्रतियोगिता को एक यादगार अनुभव बनाया। विद्यालय परिवार भविष्य में इसी तरह के और कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतीक्षा कर रहा है, ताकि छात्रों के सर्वांगीण विकास को और बढ़ावा दिया जा सके।

## श्राद्ध एवं तर्पण के लिए गया धाम को रवाना हुए भक्त

**सहसों।** बुधवार को श्राद्ध एवं तर्पण के निमित्त सहसों बाजार एवं चकिया घरहरा गांव से कई भक्त अपने पूर्वजों के तरन तारन के लिए श्राद्ध कर्म हेतु गया धाम के लिए रवाना हुए। इस मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण एवं अन्य लोगों ने तर्पण के लिए जा रहे भक्तों को माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद लिया। पितरों को तर्पण एवं पिंडदान करने के लिए गया धाम जाने वाले भक्तों में सहसों निवासी सुरेश केसरवानी, चकिया घरहरा निवासी रमा शंकर मिश्रा, ओम प्रकाश मिश्रा, जय प्रकाश मिश्रा आदि लोगों को भारी संख्या में भक्तों ने माल्यार्पण कर गांव में भ्रमण कराते हुए विदा किया। इस मौके पर आधुनिक वाद्य यंत्रों पर भक्ति गीत, संगीत पर महिला एवं पुरुष मंगल गीत गाते जय जयकार करते फूल मालाओं से लाद दिया। इस अवसर पर आचार्य दिनेश शास्त्री एवं विमल कुमार शुक्ला ने कहा कि जो भी संतान अपने पूर्वजों के तरह तारन के लिए गया धाम में जाकर धार्मिक अनुष्ठान एवं तन मन श्रद्धा के साथ पिंडदान एवं तर्पण करते हैं उनके पितर प्रसन्न होकर सुख समृद्धि, धन-धान्य से परिपूर्ण करते हुए समस्त कष्टों से मुक्ति के लिए आशीर्वाद प्रदान करते हैं। इस मौके पर अनुज कुमार मिश्रा, सत्य प्रकाश मिश्रा, प्रमोद कुमार मिश्रा, तेज प्रताप सिंह लल्लू , लालचंद कुशवाहा, शिव बाबू केसरवानी, राजेंद्र केसरवानी, राजधर द्विवेदी, सुनील कुमार तिवारी, दिनेश कुमार केसवानी, सहित भारी संख्या में लोग रहे।

# न्यूज झरोखा

## सड़क हादसे में मृत और घायल हुई बच्चियों के प्रति भाजपा नेता ने जताया दुःख



**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रामकृष्ण त्रिपाठी ने मेजा के टिकुरी में अनियंत्रित ट्रक द्वारा छात्राओं के रौदने की घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मृत हुई बच्ची को ईश्वर अपने श्रीचरणों में स्थान दे एवं परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।घायल हुई बच्चियों के शीघ्र स्वास्थ लाभ के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं । श्री त्रिपाठी ने कहा कि इस दुर्घटना से मैं व सारा जनमानस बहुत दुःखी और आहत है। श्री त्रिपाठी जनपद प्रयागराज के पुलिस आयुक्त से मांग किया है कि जनपद प्रयागराज में ओवर लोडेड ट्रकों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगायें तथा स्कूल के शुरू होने तथा छुट्टी होने के समय पर , स्कूल के सामने तथा उन सड़कों पर यातायात की निगरानी सुनिश्चित करायें जिन सड़कों से स्कूली बच्चे पैदल या साइकिल से आते जाते हों।

## मोहम्मद राशिद मंसूरी ऑल इंडिया पसमांदा समाज के बने जिलाध्यक्ष



**उतरांव।** जनपद प्रयागराज के उतरांव थाना क्षेत्र के कहरा गांव निवासी मोहम्मद राशिद मंसूरी उर्फ फैयाज अहमद ऑल इंडिया पसमांदा समाज के जिला अध्यक्ष बनाए गए ।आल इंडिया पसमांदा के प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर शाकिर अली मंसूरी ने मोहम्मद राशिद उर्फ फैयाज अहमद को उनके ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठ कार्यों के प्रति सजग रहने का इनाम दिया है। मोहम्मद राशिद उर्फ फैयाज अहमद को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर उनके मित्रों एवं दोस्तों को खुशी की लहर है।

## अधिवक्ता के आकस्मिक निधन पर मेजा विधायक ने पहुंचकर ढ़ाढस बधाया



**मांडा।** क्षेत्र के बहेलियापुर निवासी पीयूष कांत पटेल पेसे से कचहरी के अधिवक्ता थे। बीती मंगवार की शाम इलाहबाद स्थित कमरे पर गस्त खाकर जमीन पर गिर गये। परिजनों द्वारा उपचार के लिए उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बुधवार भोर शव घर पहुंचते ही पिता कौशलेश पटेल,भाई मनीष पटेल,गुड्डू पटेल साहित परिजनों मे कोहराम मच गया। जानकारी पर क्षेत्र मे शोक की लहर दौड़ पड़ी। परिजनों द्वारा नरवर चौकठा गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। अधिवक्ता की मौत की सूचना पर मेजा विधायक संदीप पटेल, जिला पंचायत सदस्य प्रमिल यादव, मोती लाल यादव, राजेश विश्वकर्मा, प्रधान राजेश्वर यादव, पूर्व प्रधान शंकर लाल यादव, राजू यादव, डा.दीपक सिंह,मनोज पटेल,संतोष पटेल, साहित तमाम लोगो ने गहरा शोक्त व्यक्त किया है। उपरोक्त लोगो ने बताया की अधिवक्ता कुशल व्यवहार के थे। उनकी मौत को लेकर हर कोई गमनीन है। मांडा के आंधी चौराहे पर अधिवक्ता पीयूष पटेल की मौत को लेकर शोक सभा आयोजित की गई। इस दौरान लोगो ने दुवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। लोगो ने कहा की यह बेहद दुखद घटना है। इस मौकर पर राजकुमार यादव,पंकज मिश्रा,राकेश यादव, जमुना प्रसाद बिंद, सिपाही लाल, डा. पार्थ विश्वास,संजय प्रधान, मिथिलेश यादव,अशोक पटेल साहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### बिजली के बड़े बकायेदारों के खिलाफ विभाग ने चलाया सघन अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** बिजली विभाग ने बड़े बकायेदारों के खिलाफ सघन अभियान शुरू किया जिसमे उप खंड अधिकारी कालाकांकर राहुल वैश्य व जेई ब्रजेश यादव अपने लाइन मैन शुभम सिंह, सुरेश सिंह भदौरिया, मनोज कुमार, अनिकेत व बाबूलाल के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया जिसमे मंगलवार को नवाबगंज पाईकगंज बाजार में बिजली के दस हजार रुपए से अधिक बड़े बकायेदारों का कनेक्शन काट दिया कुछ बकायेदारों ने चेकिंग के दौरान आधा पैसा नगद जमा करके कनेक्शन कटवाने से बच गए कुछ लोगो एक दो दिन के अंदर बकाया पैसा जमा करने की बात कहकर कनेक्शन कटने से बच गए विभाग द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान कनेक्शन धारकों में हड़कंप मचा रहा।

# जनपद स्तरीय टीएल मेला में आठ टीएलएम मॉडल का किया गया चयन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजकीय इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय टीएल मेला का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न राजकीय विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 के विद्यालयों के विभिन्न विषयों के प्रवक्ता और सहायक अध्यापकों ने अपने टी एल एम मॉडल के साथ प्रतिभाग किया।

जिले स्तर से मंडल के लिए आठ टीएलएम मॉडल का चयन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से चयनित सर्वश्रेष्ठ मॉडल मंजू कुशवाहा प्रवक्ता इतिहास राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, डॉ प्रियंका सिंह प्रवक्ता हिंदी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज,

जीआईसी में आयोजित हुआ जनपद स्तरीय टीएल मेला



टीएलएम मॉडल के साथ सहायक अध्यापकगण।

नेहा श्रीवास्तव सहायक अध्यापिका अंग्रेजी राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसौली पट्टी प्रतापगढ़, मुकेश सिंह प्रवक्ता भौतिक विज्ञान राजकीय इंटर कॉलेज, रंजीता गुप्ता प्रवक्ता जीव विज्ञान, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बिहार, शिखा त्रिपाठी सहायक अध्यापिका विज्ञान, गणित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, डॉ सीमा श्रीवास्तव प्रवक्ता अर्थशास्त्र पीएमसी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, योगेश पांडे सहायक अध्यापक सामाजिक विज्ञान राजकीय इंटर कॉलेज रहे। जनपद स्तर पर चयनित सहायक अध्यापकों एवम प्रवक्ताओं को 26 सितंबर को राजकीय इंटर कॉलेज प्रयागराज में प्रतिभाग करना होगा। सम्मानित निर्णायक मंडल में एमडीपीजी कॉलेज से प्रोफेसर उषा दुबे एवम शैलेश कुमार पांडे तथा पी बी डिग्री कॉलेज से डॉ अजीत प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता संतोष मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद सरोज सह जिला विद्यालय निरीक्षक रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता संतोष मिश्रा ने किया।

# जिलाधिकारी ने शस्त्र कार्यालय कलेक्ट्रेट का किया औचक निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने शस्त्र कार्यालय कलेक्ट्रेट का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शस्त्र कार्यालय में रखी आलमारियों की पत्रावलियों को देखा एवं साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये शस्त्र बाबू ज्ञान को निर्देशित किया कि कार्यालय में साफ-सफाई, फर्नीचर एवं आलमारियों में पत्रावलियों का रख-रखाव सुव्यवस्थित ढंग से रखे जायें।

उन्होने शस्त्र बाबू से पत्रावलियों के सम्बन्ध में जानकारी भी ली और कहा कि जो भी नई एवं पुरानी पत्रावलियॉ है उन्हें सही क्रम में रखा जाये जिससे पत्रावलियों के सम्बन्ध में जानकारी आसानी से मिल सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी पट्टी तनवीर अहमद भी उपस्थित रहे।



शस्त्र कार्यालय का निरीक्षण करते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

# पं0 दीनदयाल का जीवन राष्ट्रीय एकात्मता के लिए समर्पितः अमरपाल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अंत्योदय के उपासक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित भाजपा सदस्यता महाभियान कार्यक्रम के तहत प्राथमिक विद्यालय कोहडौर में प्रति बूथ प्रत्येक कार्यकर्ता सौ सदस्य बनाने का अभियान चलाया। इसी क्रम में राज्यसभा सांसद, प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर अमरपाल ने कहा दीनदयाल उपाध्याय का पूरा जीवन राष्ट्रीय एकात्मता और समाज के हर वर्ग की उन्नति के लिए समर्पित रहा। इस दौरान ऑटो स्टैंड पर आटो रिक्शा चालकों एवं अन्य लोगों को सांसद अमर पाल मौर्य ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता दिलाई।

इसी क्रम में धीरज ओझा ने रानीगंज विधानसभा में सदर विधायक राजेंद्र मौर्या नगर के चिलबिला में बूथ संख्या 8 पर, जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव पल्टन बाजार के बूथ संख्या 82 पर उपस्थित होकर सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर जिला महामंत्री राजेश सिंह, पवन गौतम, अशोक मिश्रा, अनुराग मिश्रा, पवन सिंह अशोक श्रीवास्तव, रुचि केशरवानी, विजय मिश्र अजय वर्मा अशोक सरोज राघवेंद्र शुक्ल, देवेश त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष विद्यासागर शुक्ल सहित सैकड़ो पदाधिकारी ने सदस्यता करवाई।

भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान



सदस्यता अभियान चलाते भाजपाई।

# जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान सुनी समस्याएं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेट्र कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता राम सनेही निवासी परमनाथपुर थाना अन्तू ने शिकायत किया कि प्रार्थी की भूमिधरी भूमि पर प्रार्थी के गांव के व दूसरे गांव के सरहंग एवं दबंग किस्म के व्यक्ति ने जबरन रास्ता खोलकर मिट्टी डलवा दिये जबकि राजस्व अभिलेखों में कोई भी रास्ता नहीं है और न ही नक्शे में किसी भी प्रकार का रास्ता है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने एसएचओ अन्तू को निर्देशित किया है कि भूमिधरी भूमि में निर्माण न हो और शांति व्यवस्था सुनिश्चित करायें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें।

# नगर पालिका सभागार में सभासदों व कर्मचारियों का हुआ संवेदीकरण

## संचारी रोग कार्यक्रमों की सभासदों व कर्मचारियों को दी गई जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एक अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिये आज नगर पालिका सभागार में सभासदों तथा कर्मचारियों का संवेदीकरण किया गया जिसकी अध्यक्षता डॉ प्रवीण रंजन, नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने की। इस दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा वेक्टर जनित रोगों से बचने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान सभी वार्ड सुपरवाइजर को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने वार्ड में नाली नालियों के साफ सफाई नियमित कराई जाय। जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा बताया गया कि वार्ड सभासद के सहमति के अनुसार क्षेत्र में फॉगिंग एंटी लार्वा एवं नाली की साफ सफाई नियमित कराई जाए।




नगर पालिका सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद अधिकारीगण।

इस मौके पर डॉक्टर नगर स्वास्थ्य अधिकारी प्रवीन रंजन, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, सभासदों में अनिल सिंह, आशीष जायसवाल, धर्मशील शुक्ला, योगेश सिंह, अमृत लाल, बसंत लाल गुप्ता, रमेश मौर्य, आशुतोष सिंह, मुफीज, जिला मलेरिया अधिकारी, यूनिसेफ टीम, सफाई प्रभारी अजीत कुमार सरोज, आशुतोष, आदित्य, अभिषेक व समस्त वार्ड सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

### युवा क्रांति ने मनाई पं0 दीनदयाल की जयंती

**प्रतापगढ़।** युवा क्रांति के कार्यकर्ताओं ने एकात्म मानववाद के प्रणेता भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मजयंती पर नगर के स्टेशन रोड तिराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। माल्यार्पण के पश्चात कार्यकर्ताओं को पंडित जी की जीवनशैली के बारे में बताते हुए सचिन केसरवानी ने कहा कि पंडित जी सदैव जातिवादी विचारधारा के विरोधी रहे। माल्यार्पण के दौरान युवा क्रांति के संरक्षक अखिलेश मिश्र, अच्युतानंद पाण्डेय, मनीष भारती, अविनाश मिश्र, शरद त्रिपाठी, रोहित सिंह, शुभम शुक्ला, रवि केसरवानी, अंकित हिंदू, राधे रोहन सरोज समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# वालीबाल में आसपुर देवसरा व हैण्डबाल में गौरा टीम रही अव्वल

### जनपद स्तरीय खेलकूद ट्रायल प्रतियोगिता का बीएसए ने किया शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद स्तरीय खेलकूद चयन/ट्रायल प्रतियोगिता स्पोर्ट्स स्टेडियम और राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित हुई प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने किया। इस मौके पर जिला क्रीड़ा अधिकारी व खण्ड शिक्षा मंगरौरा उपस्थित रहे।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अपने आशीर्वचन में बच्चों को विजेता होने एवं जनपद का नाम मंडल में रोशन करने के लिए अपना आशीर्वाद दिया। प्रतियोगिता में जनपद के समस्त विकास खण्डों से टीमों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। स्पोर्ट्स स्टेडियम में वॉलीबॉल, हैंडबॉल, बास्केटबॉल, जूडो, कुश्ती, बैडमिंटन तथा राजकीय इंटर कॉलेज में फुटबॉल एवं हांकी की प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता का संचालन राम कुमार सिंह जिला व्यायाम, मंजू सिंह जिला व्यायाम शिक्षिका, सुशील कुमार सिंह जिला स्काउट मास्टर ने किया। समस्त विकास खण्डों के ब्लॉक व्यायाम शिक्षक एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक और टीम प्रभारी तथा अभिलेख में राजेश सिंह, पवन सिंह ,डॉक्टर आशुतोष सिंह, सोनी ओझा ,सुरुचि ने अपना सहयोग दिया। निर्णायक की भूमिका में राजेंद्र यादव, कपिल, विमल, राजेंद्र पांडे, संदीप पांडे, आशुतोष, निर्मल, इंद्रसेन सिंह, व समस्त ब्लॉक व्यायाम शिक्षक रहे।

इस दौरान वॉलीबॉल बालक में आसपुर देवसरा विजेता रही। उप विजेता हैण्डबाल बालक में गौरा रही। इसी तरह विकासखंड गौरा विजेता विकासखंड शिवगढ़ उप विजेता, बालिका वर्ग विकासखंड गौरा विजेता विकासखंड लक्ष्मणपुर उपविजेता, बास्केटबॉल बालक विकासखंड गौरविजेता विकास खंड पट्टी उपविजेता, बालिका वर्ग में विकासखंड गौरा विजेता विकासखंड लालगंज उपविजेता, कुश्ती भार वर्ग 25 से 30 में श्रेया सड़वा चंडिका प्रथम भार वर्ग 30 से 35 में पूजा लक्ष्मणपुर प्रथम पिंकी वर्मा विकासखंड खंडवा द्वितीय भार वर्ग 35 से 40 आंचल विकासखंड बिहार प्रथम अंजलि विकासखंड सड़वा द्वितीय 40 से 45 भार वर्ग में स्वाति तिवारी लक्ष्मणपुर प्रथम प्रिया गौतम सदर द्वितीय 45 प्लस प्राची सड़वा प्रथम रिया कुमारी गौरा द्वितीय रही।



विजेता टीम के साथ बीएसए भूपेन्द्र सिंह व अन्य।



विद्युत कैम्प में जमा उपभोक्ताओं की भीड़।

# विद्युत कैंप में विभाग ने वसूले सवा लाख रुपए, काटे गए कनेक्शन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** विद्युत उपभोक्ता सेवा अभियान के तहत विद्युत विभाग की टीम ने मंगलवार को पंचायत भवन सरखेलपुर में विद्युत विभाग ने कैंप लगाया। जिसमें बड़े बकाए पर एक दर्जन कनेक्शन विच्छेदन के साथ ही विभाग ने सवा लाख रुपए वसूले। इस दौरान बकाएदारों में हड़कंप मचा रहा।उडैयाडीह विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता जय राजपूत टीम के साथ सरखेलपुर पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान असफाक अहमद की मौजूदगी में विद्युत कैंप लगाया जिसमें बड़े बकाएदारों से विभाग ने सवा लाख रुपए जमा कराया तथा एक दर्जन से अधिक कनेक्शन बकाए पर काट दिए गए। कैंप में मीटर सम्बंधित सम्बंधित समस्या का भी निस्तारण किया है। अवर अभियंता जयराज राजपूत ने बताया कि यह अभियान लगातार चलता रहेगा उपभोक्ता समय से अपने बिलों का भुगतान करते रहे। कैंप में शंभू नाथ गोविंद पाल, राजकेश्वर अरुण सिंह मौजूद रहे।

# निर्मल मन से सुननीं चाहिए भगवान् की कथा : आचार्य पं. उमापतिदास

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** देउम स्थित बाबा बूढ़ेश्वरनाथ धाम में श्रीमद्भागवत कथा सुनने के लिए पहले दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी दिखी। कथाव्यास आचार्य पं.उमापतिदास महराज ने कहा कि कलिकाल में भगवान श्रीकृष्ण के बतलाये गये नीति पथ से ही जीवन सुमंगलमय बनाया जा सकता है।

उन्होनें कहा कि भगवान की कथा को निर्मल मन से सुनना चाहिए। आचार्य पं. उमापतिदास जी ने कहा कि जो भक्ति और भगवान के हुआ करते हैं उन्हें संसार में कभी भी पीड़ा की अनुभूति नही हुआ करती। कथा में हरेकृष्ण श्रीराधे संकीर्तन में भी श्रद्धालु भावविभोर दिखे। आयोजकों द्वारा कथा के शुभारंभ पर भगवान द्वारिकाधीश तथा श्रीमदभागवत महाग्रन्थ के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया। कथा व्यास का माल्यार्पण कर श्रद्धालुओं ने आशीष लिया। इस मौके पर पं. कैलाशपति मिश्र, रामकृष्ण मिश्र, आशीष तिवारी, पप्पू प्रधान, बृजबिहारी मिश्र, धनन्जय मिश्र, कामता तिवारी, मान गिरि आदि रहे।

# मौलिक अधिकारों की सुरक्षा की मांग को लेकर वकीलों ने बुलन्द की आवाज, कामकाज का किया बहिष्कार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अधिवक्ताओं ने मौलिक अधिकार के संरक्षण को लेकर बुधवार को प्रदेशव्यापी आहवान को लेकर न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया। हाथों में काली पटटी बांधकर अधिवक्ताओ ने मौलिक अधिकारो की सुरक्षा को लेकर परिसर में नारेबाजी भी की।

आम सभा के बाद अधिवक्ताओं का हुजूम संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा महामंत्री सूर्यकान्त निराला के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय पहुंचा। यहां अधिवक्ताओं ने जनपद न्यायाधीश तथा डीएम को संबोधित संयुक्त ज्ञापन एसडीएम नैंनसी सिंह को सौपा। एसडीएम ने ज्ञापन डीएम को भेजवाए जाने का वकीलों को आश्वासन दिया।

आम सभा को संबोधित करते हुए आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि अधिवक्ता सदैव वादकारी हित में अधिकाधिक कामकाज के पक्षधर है। उन्होने कहा कि देश के लोकतंत्र को सौपे गये संविधान में पक्ष एवं विपक्ष का प्राविधान रखा गया है। उन्होने कहा कि ऐसे में अधिवक्ता भी असहमति के अधिकार के तहत अपने संवैधानिक मौलिक अधिकार को लेकर कहीं से भी छेडछाड को स्वीकार नहीं कर सकेंगे। सभा का संचालन उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी ने किया।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल ने जिला जज के नाम ज्ञापन सिविल कोर्ट में सौंपा। वहीं संघ के पूर्व उपाध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने लालगंज तहसील में चकबंदी कार्यालय के संचालन को लेकर मांग पत्र सौंपा। अधिवक्ताओं के न्यायिक कामकाज के विरत रहने के प्रस्ताव को लेकर बुधवार को तहसील व दीवानी में अदालती कामकाज ठप दिखा। आम सभा को अनिल त्रिपाठी महेश, विकास मिश्र, राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, शहजाद अंसारी, शिव नारायण शुक्ल, लाल विनोद प्रताप सिंह, शैलेन्द्र मिश्रा, विपिन शुक्ल, केबी सिंह, प्रमोद सिंह ने भी संबोधित किया। इस मौके पर अजय शुक्ल गुडडू, सतेश सिंह, बीडी पटेल, दिनेश मिश्र, सुशील शुक्ला, दीपेन्द्र तिवारी, शैलेन्द्र शुक्ला, आलोक शुक्ला, मोहित जायसवाल, प्रमोद तिवारी, तपन पाण्डेय, अम्बुज पाण्डेय, अमरनाथ यादव आदि अधिवक्ता रहे।

# दीवार गिरने से अधेड़ की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दीवार गिरने से अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गयी। मौत को लेकर परिजनों मे कोहराम मच गया। लालगंज के पूरे वाचन लकुरी निवासी जगदीश प्रसाद पाण्डेय का पुत्र अशोक पाण्डेय 47 बुधवार सुबह घर पर काम कर रहा था। अचानक मकान की दीवार ढह गयी। इससे अशोक पाण्डेय को गंभीर चोटें आ गयी। इलाज के लिए परिजन आननफानन में उसे लालगंज के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उसकी हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने प्रतापगढ़ रेफर कर दिया। रास्ते मे ही घायल अशोक की सांसे थम गयीं। मौत की सूचना घर पहुंची तो कोहराम मच गया। अशोक की मौत से पुत्री सृष्टि पाण्डेय 16 तथा पुत्र सुमित 14 के सिर से पिता का साया उठ गया। पत्नी संगीता व मां पूनम शव से लिपट कर रोने बिलखने लगी। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया।

### पॉस्को एक्ट का आरोपी धराया, गया जेल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने पास्को एक्ट के आरोपी को हिरासत मे लेने में सफलता ली है। सांगीपुर थाना के दरोगा रोहित कुमार यादव बुधवार को फोर्स के साथ चेकिंग पर निकले थे। कलुआ घाट पुल के समीप मुखबिरी सूचना पर पुलिस ने एक आरोपी को धर दबोचा। आरोपी थाना क्षेत्र के पूरे डींगुर ओरीपुर नौगीर के विनोद सिंह के पुत्र अमन सिंह को पुलिस ने किशोरी के उत्पीड़न को लेकर पास्को एक्ट के मुकदमें में जेल भेज दिया।

# सपा नेता की रिवाल्वर से पैर में लगी गोली, रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सपा नेता के रिवाल्वर से अचानक गोली चल गई जो उनके पैर में लगी। उन्हें इलाज के लिए सीएचसी पट्टी लाया गया। जहां से गंभीर हालत में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर गंभीर हालत के चलते भजन घायल को लेकर वेदांता हॉस्पिटल गए जहां पर इलाज चल रहा है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सदहा गांव निवासी सपा नेता विजय यादव बीती शाम पत्नी को लेकर लखनऊ के लिए तैयार हो रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपनी कमर में अपनी रिवॉल्वर खोश रखी थी। वह झुक कर अपने पैर के जूते की फीता बाध रहे थे कि रिवॉल्वर नीचे गिर गई जिससे गोली चल गई। जो सीधे उनके बाए पैर में घुस गई पैर से खून बहने लगा। गंभीर हालत में उन्हें सीएचसी पट्टी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालत गंभीर देखते हुए परिजनों ने घायल को वेदांता हॉस्पिटल ले गए जहां सपा नेता का इलाज चल रहा है।

# छह बच्चों को बाल श्रम से कराया गया मुक्त

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान एक युद्ध नशे के विरूद्ध बालश्रम, बंधुआ मजदूरी, बालभिक्षावृत्ति रोकथाम के क्रम में पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी/नोडल अधिकारी संजय कुमार राय के पर्यवेक्षण में थाना ए0एच0टी0 प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह यादव मय हमराह हे0का0 फिरोज सिद्दीकी व का0 जितेन्द्र सिसोदिया व का0 आलोक कुमार सिंह व श्रम प्रवर्तन अधिकारी कुँवर सिंह के साथ एक युद्ध नशे के विरूद्ध बालश्रम,बंधुआ मजदूरी, बाल भिक्षावृत्ति, वैश्यावृति, भिक्षावृति रोकथाम के अन्तर्गत थाना क्षेत्र कोतवाली देहात व जेठवारा में होटल, ढ़ाबा, गैराज, ईट भट्ठा आदि को चेक किया गया तो छह बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराया गया। नियोजको के विरुद्ध श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा चालानी नोटिस निर्गत की गयी एवं नियोजको को हिदायत दिया गया कि नाबालिग बच्चों से बालश्रम कराना कानूनन अपराध है।

### सामाजिक कार्यकर्ता का आकस्मिक निधन शोक की लहर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सामाजिक कार्यकर्ता व मिलनसार के आसमयिक निधन पर शोक की लहर छा गई। जिसने यह घटना सुना वह स्तब्ध रह गया। मृतक के घर शोक संवेदनाएं देने वालों की भीड़ जमा हो गई। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के जजनीपुर गांव निवासी राकेश मिश्रा (60) बहुत मिलनसार व सामाजिक कार्यकर्ता थे। मंगलवार सुबह अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें इलाज के लिए प्रयागराज ले गए जहां इलाज के दौरान उनकी सांसें थम गई। उनकी मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं उडैयाडीह बाजार के दुकानदार व आसपास के लोग उनके घर संवेदना देने पहुंच गए। मृतक के दो बेटे व एक बेटी हैं।


# चोरी की घटना के वांछित धराये, गये जेल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** साल भर पहले लालगंज कोतवाली क्षेत्र में चोरी की घटना में वांछित आरोपितों को पुलिस ने दबोचकर जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे छतऊ ढिगौसी में बीर्त वर्ष तेरह अक्टूबर को चोरी की घटना घटित हुई थी। बुधवार को दरोगा कबीरदास फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। कम्भीट गांव के पास पुलिया के नजदीक पुलिस पहुंची तो दो संदिग्ध भागने लगे। पुलिस ने इन्हें पीछाकर पकड़ लिया। पकड़े गये आरोपी लालगंज कोतवाली के इटैला निवासी अर्जुन सिंह के पुत्र विक्रम सिंह उर्फ राजा तथा लीलापुर थाना के सिंधौर निवासी राधानंद पाण्डेय के पुत्र अश्विनी पाण्डेय उर्फ राहुल ने बताया कि साल भर पहले उन्होनें चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियो की तलाशी ली तो इनके पास से सैतीस सौ रूपये बरामद हुए। आरोपियों ने बताया कि यह रूपये भी चोरी के सामानों को बेंचकर मिले हैं। पुलिस ने आरोपियो को दोपहर बाद जेल भेज दिया।

# मेडिकल कॉलेज के क्लीनिकल स्टैबलिशमेन्ट के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कार्यालय कक्ष में मेडिकल कॉलेज के क्लीनिकल स्टैबलिशमेन्ट के सम्बन्ध में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य श्री एच0के0 सिंह एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार एवं कोषाधिकारी श्री रवीन्द्र प्रताप सिंह के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा मेडिकल कॉलेज की तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य द्वारा बताया गया कि प्रथम बैच में 100 छात्रों का प्रवेश होना है। 15 प्रतिशत छात्र ऑल इण्डिया कोटे से एवं 85 प्रतिशत सीट उ0प्र0 कोटे से भरी जानी हैं। अभी तक 10 एमबीबीएस छात्र कॉलेज में ऑल इण्डिया कोटे से प्रवेश ले चुके हैं। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि बैच प्रारम्भ होने से पहले लैब में एमबीबीएस छात्रों की पढ़ाई सम्बन्धी सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सभी सीएचसी एवं पीएचसी में डॉक्टर रात्रि में उपस्थित रहकर मरीजों की देख-भाल कर उनका सही उपचार करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

## महीनो पहले बालिका का अपहरण पुलिस ने दर्ज किया गुमसुदगी

### आरोपी के परिजनों के बयान पर थाना चौकी पुलिस बालिका के बारे में कर रही है ऊल जुलूल बयान

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के शाखा गांव की एक बालिका का 17 अगस्त को प्रेम के झांसे में बहला फुसलाकर युवक लेकर फरार हो गया बालिका की मां ने पुलिस को बालिका के अपहरण की तहरीर दी लेकिन पुलिस ने तहरीर बदलवा कर बालिका की गुमसुदगी दर्ज कर ली है बालिका की मां का कहना है कि बालिका की जन्म तिथि 6 नवंबर 2006 उम्र 17 वर्ष है जबकि बालिका को ले जाने वाले आरोपी युवक के परिवार के लोगों का कहना है कि बालिका बालिग है और 18 साल से अधिक है लेकिन एक महीने से अधिक बीत जाने के बाद बालिका को पुलिस बरामद नहीं कर सकी है अब सवाल उठता है कि बालिका स्वेच्छा से युवक के साथ गई है कि युवक ने उसे बलपूर्वक अपने कब्जे में लिया है इस बात की हकीकत जानने के लिए बालिका का बरामद करना आवश्यक है लेकिन थाना चौकी पुलिस बालिका को बरामद करने के लिए तनिक भी तैयार नहीं है बालिका के पिता ने 9 सितंबर 2024 को पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया उसके बाद बालिका के पिता ने पुलिस अधिकारियों समेत मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए बालिका को बरामद करने की मांग की लेकिन थाना और चौकी पुलिस आरोपी युवक के परिवार के बयान पर ऊल जलूल बयान बाजी करने लगी है उसका कहना है कि बालिका बालिग है और वह अपने प्रेमी के साथ स्वेच्छा से गई है पुलिस का यह बयान बालिका के मान सम्मान के खिलाफ है अब सवाल उठता है कि बालिका के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने का अधिकार क्या थाना चौकी पुलिस को है जब तक बालिका वापस लौटकर न्यायालय या अधिकारियों के समक्ष अपने परिवार की मौजूदगी में बयान नहीं कर देती है तब तक बालिका का स्वेच्छा से जाने की बात की प्रमाणिकता कैसे साबित की जा सकती है लेकिन बालिका के बरामद कराए बिना पुलिस बार-बार बालिका के स्वयं जाने की बात कर रही है।

## न्यूज झरोखा

### मन्दिर बाउंड्री के अंदर दबंग बना रहे हैं आवास, अनशन

**डिप्टी सीएम, डीएम और एसडीएम से शिकायत के बाद भी नही रुका निर्माण**



**कौशाम्बी।** चरवा नगर पंचायत में मंदिर बाउंड्री वॉल के अंदर बना रहे भवन के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है बुधवार को एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय के सामने धरना एवं प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों का आरोप था कि दबंग की ऊंची पहुंच के चलते प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आदेशों के बाद भी अभी तक निर्माण नहीं रुका है। मामले में मंदिर के पुजारी राम जी दास महाराज ने आमरण अनशन की बात कही है। जिलाधिकारी को दिए गए अपने शिकायती पत्र में मंदिर के पुजारी रामजी दास महाराज ने बताया कि यह मंदिर उनके पैतृक भूमि पर बना है जिनको उनके पूर्वजों ने सार्वजनिक रूप से गांव को दान कर दिया था। मंदिर की बाउंड्री भरी थी इसी बाउंड्री के अंदर दबंगों द्वारा अब व्यक्तिगत रूप से भवन का निर्माण किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी का कहना है कि यह मंदिर उनका जीवन है जब मंदिर पर कब्जा होगा उनके आराध्य के घर पर कब्जा होगा तो फिर उनके जीने का क्या मतलब है। इसी बात को लेकर उन्होंने आमरण अनशन रखा है। इसके पहले मंदिर के पुजारी ने जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, के साथ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को भी मामले की शिकायत दिया था। इस मौके पर प्रमुख रूप से रमेश उपाध्याय, गिरिस तिवारी, मनोज मिश्रा, गोरे लाल, बलबीर, आशीष आदि मौजूद रहे।

### गाली गलौज और धमकी से पीड़ित वार्ड के दर्जनों लोग पहुंचे कोतवाली, लिखाया मुकदमा



**अझुवा कौशांबी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 9 इंदिरानगर में बीती शाम लाइट न होने के कारण एक दुकान के पास कई लोग बैठे थे पास ही स्थित दुर्गा मंदिर में आरती हो रही थी तमाम महिलाएं भी बैठी थीं तभी नशे की धुन में विपिन कुमार केसरवानी,राजकुमार केसरवानी ,सत्यम केसरवानी पुत्र गण बनारसी केसरवानी पास में बैठे अजय श्री वास्तव को गाली गलौज कर डंडे से मारने लगे पास रहे लोगों ने बीच बचाव किया तो सभी लोगों को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे आक्रोशित लोग रात में ही सैनी थाना पहुंचकर पुलिस को तहरीर दिया पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन में जुट गई है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने दर्जनों लोगों को दिलाई पार्टी की सदस्यता

**कटरा में पं० दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर सदस्यता शिविर का हुआ आयोजन**




**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील के कटरा गांव में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। सदस्यता शिविर में भाजपा जिलाध्यक्ष ने दर्जनों लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलवाई। इस दौरान उन्होंने भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी लोगों को विस्तार से जानकारी दी। करारी के कटरा गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने सदस्यता अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि आमजन में भाजपा के लिए स्वतः स्फूर्त भाव से सम्मान है। लोग पार्टी से जुड़ना चाहते हैं पर विरोधियों के दुष्प्रचार के कारण वो हम तक नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे में हमें खुद उन तक पहुंचना होगा। उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान किया कि वह पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों को जन जन तक पहुंचाएं। कार्यक्रम के आयोजक भाजपा युवा नेता बजरंग मौर्य ने कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हम सब दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के सदस्य के रूप में यहां सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। हम पहले से ही सदस्य हैं लेकिन पुनः साधारण सदस्य के रूप में सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। भारत के अंदर केवल भारतीय जनता पार्टी ही कैडर आधारित पार्टी है। यह पार्टी वर्तमान में पूरे देश में अपना सर्वव्यापी और समावेशी स्वरूप बनाने में सफल रही है। भाजपा कार्यकर्ता दल से बड़ा देश की विचारधारा पर काम करते है। इस दौरान जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने करीब दो दर्जन से ज्यादा लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलवाई। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेत्री पुष्पा देवी, शनि यादव, भोला मौर्य, विक्रम मौर्य, शंकर दास केसरवानी, डॉक्टर बंगाली, सोनू पासी, उमेश, राजेश आदि मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय की छात्राओं से शिक्षामित्र ने किया छेड़खानी

**कड़ा कौशाम्बी।** सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओ के साथ शिक्षामित्र द्वारा छेड़खानी किए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है मामले की शिकायत विभागीय अधिकारियों से हुई है बताया जाता है कि सिराथू तहसील के पहाड़पुर कोदन स्थित प्राथमिक विद्यालय के शिक्षा मित्र पर विद्यालय में पढ़ने वाली कई छात्राओं से छेड़खानी का गम्भीर आरोप लगाया है प्रधानाचार्य रीना सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी कड़ा को पत्र लिख कर मामले की जानकारी दी है पत्र के मुताबिक राजेश कुमार यादव शिक्षामित्र पद में है जो छात्राओ के साथ छेड़खानी करते हैं कई छात्राओ ने बताया कि सर हमको संस्कृत पढ़ाने के समय हमारे शरीर को टच करते रहते हैं जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी में विभागीय कार्रवाई करते हुए पुलिस को सूचना दी मौके पर पुलिस ने कार्रवाई करने की बात कही है बताया जाता है कि लिखित रूप से पांच बच्चियों ने छेड़खानी की शिकायत अपने अध्यापिका पूनम गौतम को सारी बात बताई इसके बाद शिक्षा मित्र की करतूत उजागर हुई है।

## रिद्धि सिद्धि कॉलेज ऑफ फामेर्सी भरवारी,में मनाया गया फामेर्सी डे



**भरवारी कौशाम्बी।** रिद्धि सिद्धि कॉलेज ऑफ फामेर्सी भरवारी में बड़े हर्षोल्लास के साथ फामेर्सी डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने फामेर्सी क्षेत्र में नवीनतम प्रगति और अनुसंधानों पर चर्चा की। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि संस्थान के चेयरमैन निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के शैक्षिक सत्र, सेमिनार, और कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जिसमें फामेर्सी के क्षेत्र में हो रही नवीनतम तकनीकों और दवाओं के विकास पर विचार-विमर्श किया गया। छात्रों ने इस अवसर पर अपने शोध और परियोजनाओं का प्रदर्शन भी किया। संस्थान के चेयरमैन निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि फामेर्सी क्षेत्र मानवता की सेवा के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और फार्मासिस्टों की जिम्मेदारी है कि वे समाज की भलाई के लिए काम करें। उन्होंने छात्रों को फामेर्सी क्षेत्र में और भी मेहनत और समर्पण के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। अंत में, सभी शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर फामेर्सी क्षेत्र की जिम्मेदारियों और चुनौतियों का सामना करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर एसपी. सिंह,अमित मौर्य,राजेंद्र रिंकी दीपम शुक्ला के. डी. त्रिपाठी अनंत कुमार विकाश आदि समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### कर्मचारियों की शिथिलता से आक्रोषित चेयर मैन रात 11 बजे मौके पर पहुंचकर लगाई फटकार



**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 3 स्थित ट्यूबेल 2 में मोटर जल जाने से पिछले 2 दिन से पानी सप्लाई में समस्या आ गई जिससे कई वार्डवासी पानी की किल्लत से झूझने लगे।24 घंटा बीतने के बाद भी जब मोटर सही नहीं हुई तो बीती रात 11 बजे अचानक चेयर मैन शांती देवी कुशवाहा मौके पर पहुंच गई उन्होंने देखा कर्मचारी लापरवाही बरतते हुए आराम फरमा रहे है चेयर मैन ने कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए शीघ्र कार्य पूर्ण करने का आदेश दिया वहीं चेयर प्रतिनिधि ओम प्रकाश कुशवाहा ने बताया जिन वार्डों में पानी की समस्या हुई हैं वहां टैंकर से पानी की आपूर्ति की जा रही है शीघ्र ही नलकूप की मोटर दुरुस्त करा कर जलापूर्ति शुरू की जाएगी।

## होमगार्ड से धक्का मारकर फरियादियों को भगाने की धमकी देते हैं एसडीएम

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर तहसील में एसडीएम से फरियादी परेशान हो गए हैं बात-बात पर फरियादियों की बात सुनकर उसका समाधान करने के बजाय होमगार्ड बुलाकर फरियादियों को धक्का मार कर तहसील से बाहर भगाने की धमकी लगातार एसडीएम दे रहे हैं जिससे योगी सरकार के न्याय प्रिय कानून व्यवस्था की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं होमगार्ड बुलाकर धक्का मार कर फरियादियों को भगाने के मामले के चलते फरियादियों में एसडीएम का वकायदे भय ब्याप्त होता जा रहा है और अब एसडीएम के यहां फरियाद करने के लिए पीड़ित भय खाते हैं जिससे न्याय का गला घोटा जा रहा है ताजा मामला मंझनपुर कस्बे के दोनों आंख से अंधे लालचंद वर्मा का है लालचंद अपनी फरियाद लेकर एसडीएम मंझनपुर की चौखट पर पहुंचे लेकिन अंधे लालचंद की फरियाद सुनकर उनकी समस्या का समाधान करने के बजाय एसडीएम मंझनपुर आवेश में आ गए और अंधे लालचंद को भला बुरा कहने लगे दोनों आंख से अंधे लालचंद ने एसडीएम से फरियाद की कि उनकी फरियाद सुन ले लेकिन एसडीएम ने कहा कि यहां से चले जाओ वरना होमगार्ड को बुलाकर धक्के मार कर तुम्हें भगा देंगे एसडीएम की धमकी के बाद जैसे ही भयभीत अंधे लालचंद बाहर निकले वह खंभे से लड़कर गिर गए हैं अब सवाल उठता है कि अफसर को फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए जिम्मेदारी दी गई या फिर उन्हें आतंकी और अपराधियों की तरह अत्याचार करने के लिए योगी सरकार ने कुर्सी

**मुख्यालय की कई सरकारी जमीन करोड़ो कीमत की कब्जा हो चुकी है, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए जिम्मेदारी दी गई या फिर अत्याचार करने के लिए योगी सरकार ने एसडीएम को कुर्सी सौंपी है**

सौंपी है लेकिन कुछ भी हो मंझनपुर तहसील के एसडीएम के आतंक अत्याचार के चलते कानून व्यवस्था की खुलेआम धज्जियाँ उड़ रही है और वही न्याय बिक रहा है चारों तरफ अत्याचार अन्याय व्याप्त है गलत तरीके से शिकायतों का निस्तारण हो रहा है सरकारी जमीनों में माफिया कब्जा कर रहे हैं और तहसील के कर्मी लाखों की नोट वसूल कर मालामाल हो रहे हैं एसडीएम मंझनपुर के कार्यकाल में देखते-देखते मंझनपुर पर मुख्यालय की कई सरकारी जमीन करोड़ कीमत की कब्जा हो चुकी है मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में कई दर्जन सरकारी जमीनों में कब्जे हो चुके है जिन्हें खाली नहीं कराया गया है सच्चाई तो यह है कि जब तहसील प्रशासन की साठगांठ से सरकारी जमीन में कब्जे होंगे तो कैसे उन्हें खाली कराया जाएगा यह बड़ा सवाल खड़ा हो गया है यदि एसडीएम के कारनामों को अधिकारियों ने गंभीरता से लिया तो अंधे को धक्का मार कर भागने की धमकी देने वाले एसडीएम मंझनपुर पर कानून की गाज गिरना तय है।

## राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा के लिए 28 सितम्बर तक आवेदन

**कौशाम्बी।** जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव ने अवगत कराया कि छात्र-छात्रायें राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2025-26 के लिए दिनांक 28 सितम्बर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं। ऑनलाइन आवेदन में आवेदको द्वारा हुई त्रुटियों में संशोधन दिनांक 29 सितम्बर एवं 30 सितम्बर 2024 तक किया जा सकता है । परीक्षा 10 नवम्बर 2024 को जनपद के सभी निर्धारित परीक्षा केन्द्रो पर आयोजित होगी। विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती है।

## विश्वविद्यालय महाविद्यालय में बंद हो छात्रों का उत्पीड़न

**कौशांबी।** समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष राजू सिंह के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने जनपद मुख्यालय मंझनपुर में धरना प्रदर्शन कर जिला अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन देते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालय महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के साथ उत्पीड़न हो रहा है फीस वृद्धि हॉस्टल फीस वृद्धि छात्रवृत्ति छात्र संघ के चुनाव एवं प्रदेश भर में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है उत्तर प्रदेश के अंदर भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब से बनी है तब से लगातार विश्वविद्यालय महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को फीस वृद्धि हॉस्टल फीस वृद्धि छात्रवृत्ति के नाम पर लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है जिससे पीडीए परिवार से आने वाले छात्र-छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है भाजपा सरकार के कार्यकाल में विश्वविद्यालय में महाविद्यालय में छात्र संघ का चुनाव बंद है तब से छात्र छात्राओं के हक को विश्वविद्यालय महाविद्यालय द्वारा खत्म किया जा रहा है अब छात्र-छात्राओं के हक की लड़ाई लड़ने वाला कोई नहीं है वहीं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी छात्र-छात्राओं का पेपर लीक आरक्षण घोटाला और नियुक्ति में भ्रष्टाचार कर अभ्यर्थियों को परेशान करने वाला काम किया जा रहा है विभिन्न मांगों को लेकर छात्र नेताओं ने जिला अधिकारी को ज्ञापन सौपा है इस दौरान राजू सिंह यादव भारत सिंह लोधी सत्या यादव शिवकुमार दिलीप कुमार रुपेश पासी अजय सिंह यादव अमित सिंह पटेल राजेश कुमार सरोज सुधीर कुमार सूरज सिंह संदीप यादव धीर सिंह हरिओम सिंह उधो श्याम आफताब ज्ञान सिंह यादव धीरज सिंह सचिन यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### मुद्दू फाइनेंस बैक का पूर्व सांसद ने किया उदघाटन



**भरवारी कौशाम्बी** जनपद मुख्यालय मंझनपुर में बुधवार को मुद्दू फाइनेंस बैक कंपनी का उदघाटन पूर्व सांसद शैलेन्द्र कुमार ने फीता काटकर किया है इस मौके पर उपस्थित लोगों को पूर्व सांसद ने बैंक के उपलब्धियां बताई है उदघाटन के मौके पर बैंक प्रबंधक कर्मचारियों समेत क्षेत्र के तमाम बैंक ग्राहक और गणमान्य लोग मौजूद रहे

### पीस कमेटी बैठक : मिल जुलकर मनाए त्योहार : थानाध्यक्ष



**महेवाघाट कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा कोतवाली में नवरात्र, दशहरा पर्व को लेकर बुधवार को ग्राम प्रधानो, क्षेत्र के संभ्रांत लोगो के साथ पीस कमेटी की एक बैठक हुई।इस मौके पर नवरात्र एवं दशहरा महोत्सव को सकुशल संपन्न कराने के लिए व्यापक चर्चा की गई। थानाध्यक्ष त्रिलोकीनाथ पाण्डेय ने कहा कि कोई भी त्योहार हमें आपस में मिलजुल कर रहने का संदेश देता है इसलिए सभी मिलजुल कर हंसी खुशी से त्योहार मनाए यदि कहीं कोई गड़बड़ी करने का प्रयास करता है तो पुलिस को तुरंत सूचना दें पुलिस उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करेगी। उन्होंने कहा कि बिना परमीशन के ना तो दुर्गा प्रतिमा की स्थापना किया जाएगा और न ही जुलूस निकाला जाएगा।मिले परमीशन के ही अनुसार लाउडस्पीकर लगाया जाए और धीमी गति से बजाए।जुलूस या नवरात्र के कार्यक्रम के दौरान कोई भी नशे का सेवन नहीं करेगा यदि नशे की हालात पर कोई पाया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। पीस कमेटी के बैठक के दौरान योगेंद्र त्रिपाठी, विनोद सिंह, बीरेंद्र सोनी,सत्यनारायण तिवारी,बच्चा सिंह,जितेंद्र कौशल,अलताब हुसैन,प्रादुम सोनी,रामऔतार लोधी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## रोजगार मेले का आयोजन 28 सितम्बर को

**कौशाम्बी।** जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से दिनांक-28 सितम्बर 2024 को एसएनपी प्रा. आईटीआई, संभुई मोड, कड़ा के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा। जिसमें निजी क्षे.त्र की विभिन्न कंपनियां के माध्यम से आईटीआई/ नॉन आईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण सभी प्रकार के अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायेगी। यह जानकारी जिला सेवायाजन अधिकारी गौतम घोष ने देते हुए बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट पर अपना पंजीयन करते हुए अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति/ रिज्यूम के साथ प्रातः 10.30 बजे प्रतिभाग कर सकतें हैं।

# मण्डलीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

### धर्मा देवी कॉलेज के छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को किया गौरवान्वित




**अझुवा कौशाम्बी** मण्डलीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन 25 सितम्बर को धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कनवार में किया गया जिसमे धर्मा देवी इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा एवं मुख्य अतिथि जिलाविद्यालय निरीक्षक डॉ सच्चिदानंद यादव ने संयुक्त रूप से माँ शारदे की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर एवं फीता काटते हुए निशाना साधते हुए किया। साथ ही बोर्ड परीक्षा 2024 प्रदेश स्तर एवं जनपद की टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त करने वाले तथा विभिन्न पाठ्येतर क्रियाकलापों में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा सम्मानित किया गया। अंडर-14 राइफल बालिका वर्ग में शिखा वर्मा(धर्मा देवी, कौशाम्बी) को प्रथम, पलक जायसवाल(धर्मा देवी, कौशाम्बी) को द्वितीय तथा आकृति सिंह(धर्मा देवी, कौशाम्बी) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अंडर-17 राइफल बालिका वर्ग में प्रीती यादव प्रयागराज को प्रथम, नीलू कुशवाहा (धर्मा देवी,कौशाम्बी) को द्वितीय, रुष्मा देवी(धर्मा देवी,कौशाम्बी) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।इसी प्रकार अंडर-19 बालिका राइफल शूटिंग में मधु देवी(धर्मा देवी,कौशाम्बी) को प्रथम, रेशमा देवी(धर्मा देवी,कौशाम्बी) को द्वितीय तथा महेक सक्सेना (कौशाम्बी) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार अंडर-14 बालिका पिस्टल वर्ग में गरिमा मिश्रा(धर्मा देवी, कौशाम्बी) को प्रथम, गरिमा देवी(धर्मा देवी,कौशाम्बी) को द्वितीय तथा मनीषा देवी (धर्मा देवी,कौशाम्बी) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसीप्रकार अंडर-17 बालिका पिस्टल में काजल देवी(धर्मा देवी,कौशाम्बी) को प्रथम, अंजली देवी(धर्मा देवी, कौशाम्बी) को द्वितीय तथा अंशिका देवी(धर्मा देवी,कौशाम्बी) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी क्रम में अंडर-19 बालिका पिस्टल में सोनाली(धर्मा देवी,कौशाम्बी) को प्रथम, पिंकी देवी(धर्मा देवी,कौशाम्बी) को द्वितीय तथा आस्था सिंह(धर्मा देवी, कौशाम्बी) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार अंडर-14 बालिका पीप साइड में मुस्कान सिंह(कौशाम्बी) को प्रथम स्थान, नन्दिनी सिंह यादव(कौशाम्बी) को द्वितीय स्थान, सौम्या केशरवानी (प्रयागराज) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार अंडर-19 बालिका पीप साइड में साक्षी देवी(कौशाम्बी) को प्रथम, जया पाण्डेय(कौशाम्बी) को द्वितीय, खुशबू देवी(धर्मा देवी,कौशाम्बी) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार बालक अंडर 14 पिस्टल देवेन्द्र कुमार कौशाम्बी को प्रथम,अमन यादव प्रयागराज को द्वितीय तथा अंशुल मौर्या धर्मा देवी कौशाम्बी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। चौकी प्रभारी अफोइ आकाश मिश्रा ने स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित करते हुए राज्य व राष्ट्र स्तर की प्रतियोगिताओं में सफल होने के लिए आशीर्वचन दिए। इस कार्यक्रम के अवसर पर गया प्रसाद मिश्र,श्याम लाल, रामसुन्दर सिंह, दुर्विजय सिंह, शिव प्रकाश राजपूत, बीरेन्द्र पाण्डेय, शिवम, बलवन्त कुमार, जागृति सिंह आदि गणमान्य उपस्थित रहें। आये हुए समस्त अतिथियों का विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रामकिरण त्रिपाठी ने आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन रामशंकर सिंह ने किया।

### महेश्वरी प्रसाद इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य ने चलाया स्वच्छता अभियान



**हर्रायपुर कौशाम्बी** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन तक चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के क्रम में मूरतगंज ब्लाक क्षेत्र के महेश्वरी प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज आलमचंद्र में प्रधानाचार्य जितेंद्र नाथ श्रीवास्तव ने बुधवार को स्वच्छता अभियान चला कर विद्यालय परिसर की साफ सफाई कराई है इस मौके पर उन्होंने स्वच्छता से होने वाले फायदे के बारे में बताया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया है इस मौके पर प्रवक्ता बृजेंद्र श्रीवास्तव ,सुष्मिता तिवारी, व अध्यापक राजेंद्र कुमार यादव, गोपाल कृष्ण मिश्रा, नृपेंद्र कुमार सिंह, प्रेमचंद ,उदय शंकर साहू, नूतन, विपिन कुमार, दिनेश सिंह, दिनेश कुमार, अशोक कुमार पाल, शारदा देवी, रश्मि त्रिपाठी, सुभाष चंद्र प्रजापति, धीरेंद्र कुमार उपाध्याय, नीरज कुमार, महेंद्र कुमार, कंचन मौर्या राम मूरत सिंह पाल, विपुल प्रताप सिंह, उर्वशी गुप्ता, दुर्गेश कुमार पटेल, सुधीर सिंह, राजेंद्र प्रताप सिंह, मनोज कुमार व परिचालक धर्मवीर, ज्योत्री सिंह मौजूद रहे

## सम्पादकीय

### पूरी दुनिया की नजरें अगले नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव पर टिकी

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को विलमिंगट्न स्थित अपने निजी आवास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिस गर्मजोशी से स्वागत किया, वह दोनों नेताओं के बीच की पर्सनल केमिस्ट्री को ही नहीं, दोनों देशों के रिश्तों में बढ़ती करीबी को भी दिखाता है। पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब पूरी दुनिया की नजरें अगले नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव पर टिकी हैं। जनवरी तक वहां कमला हैरिस या डॉनल्ड ट्रंप में से कोई राष्ट्रपति पद पर विराजमान होंगे। लेकिन जैसा कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने पीएम मोदी को संबोधित करते हुए कहा, ह्यजब भी हम साथ बैठते हैं, सहयोग के नए-नए क्षेत्र तलाश लेते हैंह्ल और यह भी कि ह्यदोनों देशों के रिश्ते आज अतीत के किसी भी दौर के मुकाबले ज्यादा मजबूत हैं।ह्ल

दोनों देशों के द्विपक्षीय रिश्तों में निरंतर सुधार की यह प्रक्रिया यूं तो 21वीं सदी की शुरूआत से ही दिख रही है, लेकिन खासकर 2006 में हुए परमाणु ऊर्जा समझौते के बाद इसमें खासी तेजी आई। उस समय से दोनों देशों में न सिर्फ राष्ट्राध्यक्ष और शासनाध्यक्ष बल्कि सत्तारूढ़ दल भी बदलते रहे। जहां भारत में कांग्रेस के डॉ. मनमोहन सिंह के बाद इखढ के नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने, वहीं अमेरिका में जॉर्ज बुश के बाद तीन अलग-अलग राष्ट्रपति- बराक ओबामा, डॉनल्ड ट्रंप और जो बाइडन- सत्ता संभाल चुके, लेकिन इस बीच दोनों देशों के रिश्ते लगातार बेहतर ही होते रहे।

इस बार भी पूर्व राष्ट्रपति और मौजूदा चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डॉनल्ड ट्रंप पीएम मोदी के अमेरिका पहुंचने से पहले ही उनसे मुलाकात की इच्छा जता चुके हैं। यह इस बात का संकेत है कि भारतीय प्रधानमंत्री में वहां के नागरिकों और वोटरों की भी खासी दिलचस्पी है।

हालांकि भारत की तरफ से अभी तक इस मुलाकात की संभावना पर कुछ नहीं कहा गया है। वजह यह है कि चुनाव से पहले किसी खास दल के प्रत्याशी से पीएम मोदी की मुलाकात के गलत संकेत जा सकते हैं। और इस बात की गुंजाइश नहीं लग रही कि रिपब्लिकन और डेमोक्रैट दोनों प्रत्याशियों से पीएम मोदी की मुलाकात का मौका बन पाएगा।

बहरहाल, यूक्रेन युद्ध पर भारत का संतुलित रुख, क्वॉड के मंच की लगातार मजबूत होती भूमिका, चीनी आक्रामकता पर अंकुश लगाने की साझा जरूरत जैसी बातों से भी जाहिर होता है कि छोटे-मोटे तात्कालिक विवाद भले उपजते और हल होते रहें, भारत और अमेरिका के आपसी रिश्ते आने वाले समय में और बेहतर होने वाले हैं।

# ब्रिटेन के बाद अमेरिका की बारी-भारतवंशी कमला हैरिस की संभावित राष्ट्रपति की पारी

**किशन सनमुखदास**

**वैश्विक** स्तरपर दुनियां की राजनीति में कब क्या हो जाएगा, कह नहीं सकते इसका सटीक उदाहरण अभी करंट में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के प्रबल उम्मीदवार जो बाइडेन द्वारा रविवार दिनांक 21 जुलाई 2024 को देर रात्रि एक पेज में दिए अपने लिखित इच्छा पत्र से मिल गया व उन्होंने भारतीय मूल की बेटी भारतवंशी व अमेरिका की वर्तमान उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाने का सुझाव दिया है। 81 वर्षीय जो बाइडेन के राष्ट्रपति चुनाव उम्मीदवार से हटने का सुझाव पूरा राष्ट्रपति बराक ओबामा व अनेकों भी दे चुके थे। हमने 27 जून 2024 को प्रथम चरण के डिबेट में भी देख कि जो बिडेन बिछड़ते हुए नजर आए थे, फिर अभी डोनाल्ड ट्रंप पर एक सभा में हमला हुआ जिसमें आज 22 जुलाई 2024 को अमेरिकन सुरक्षा एजेंसी ने जिम्मेदारी लेते हुए सुरक्षा चूक बताया है। एक तरफ से देखा जाए तो चुनावी रण, ट्रंप के पाले में बदलता हुआ दिखाई दे रहा था। हमने देखे कि तीन मूल भारतीय राष्ट्रपति के उम्मीदवार थे जिसमें निक्की हेलेन भी शामिल थी, तीनों जो रस से बाहर हो गए थे उन्होंने भी ट्रंप के समर्थन में विचार दिए हैं कुल मिलाकर जो बाइडेन के उम्मीदवारी से हटने पर अब भारत की बेटी कमला हैरिस का नाम आगे आ रहा है, हालांकि अन्य दो उम्मीदवार भी हैं, इसलिए 19-22 अगस्त 2024 को शिकागो में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में नाम फिक्स होगा। हालांकि जो बाइडेन ने कमला हैरिस का नाम आगे बढ़ा दिया है, परंतु चूंकि भारत को एहसास हो रहा है कि विश्व में भारतवंशियों द्वारा राज करने के दिशा में आगे चल पड़ा है, वह ब्रिटेन के बाद अब अमेरिका की भारतवंशी कमला हैरिस की संभावित उपराष्ट्रपति बनने की परी इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत के लिए फायदेमंद भारत की बेटी, कमला हैरिस या फिर डोनाल्ड ट्रंप एक्सपर्ट्स द्वारा प्रयास लगना शुरू।

साथियों बात अगर हम जो बाइडेन द्वारा उम्मीदवारी से अपना नाम वापस लेकर कमला हैरिस के नाम को आगे बढ़ाने की करें तो, अमेरिकी राजनीति में रविवार को एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सभी को चौंकाते हुए राष्ट्रपति चुनाव की रेस से हटने का ऐलान कर दिया। डोनाल्ड ट्रंप के साथ जून में हुई प्रेसिडेंशियल डिबेट के बाद से उन पर लगातारउम्मीदवारी वापस लेने का दबाव बन रहा था। ऐसे में उनके अचानक से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी से पीछे हटने और कमला हैरिस को समर्थन देने के फैसले से सभी हैरान हैंअमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ न लड़ने का ऐलान किया है। बाइडन ने डेमोक्रेट पार्टी से उम्मीदवारी के लिए उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के नाम का समर्थन किया है। हालांकि अंतिम निर्णय 19-22 अगस्त को शिकागो में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में लियाजाएगा। कमला हैरिस की जड़ें भारत से जुड़ी हैं। लेकिन फिर भी डेमोक्रेटिक पार्टी के एक और कार्यकाल के लिए भारत में कम उत्सुकता देखने को मिलती है। जो बाइडन के कार्यकाल में रक्षा समेत उभरती हुई टेक्नोलॉजी में भारत-अमेरिका व्यापक रणनीतिक वैश्विक साझेदारी काफी आगे बढ़ी है। लेकिन बाइडन प्रशासन की मानवाधिकार के मुद्दों पर दबाव बनाने की रणनीति द्विपक्षीय संबंधों की सतह पर घर्षण का कारण रहा है। 21 जुलाई, भारतीय समयानुसार रात करीब 11 बजे जो बाइडेन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी से हाथ खींच लेते हैं। उन्होंने 28 जून की प्रेसिडेंशियल डिबेट हारने के करीब एक महीने बाद ये फैसला लिया। पार्टी लगातार बाइडेन पर दावेदारी वापस लेने के लिए दबाव बना रही थी। अब अपना नाम वापस लेते हुए



बाइडेन ने उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस को डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रेसिडेंशियल कैंडिडेट के तौर पर चुना है। हालांकि, अभी कमला के नाम पर पार्टी की मुहर लगनी बाकी है। कमला उम्र में बाइडेन से 22 साल छोटी हैं। विपक्ष के हमलों का जवाब देने में माहिर हैं, ब्लैक वोटर्स से लेकर महिलाओं तक में उनकी पैठ है। स्टोरी में वो 4 वजहें जो उन्हें डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए बेस्ट उम्मीदवार बनाती हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अगला चुनाव नहीं लड़ेंगे। चुनाव से 4 महीने पहले रविवार को उन्होंने चिट्ठी लिखकर इस बात का ऐलान किया। बाइडेन ने कहा, मैं देश और पार्टी हित के लिए चुनाव से बाहर हो रहा हूं। बाइडेन ने राष्ट्रपति पद की रेस से हटने के साथ डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रेसिडेंशियल कैंडिडेट के तौर पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का नाम आगे बढ़ाया भारतवंशी कमला ने भी बाइडेन के समर्थन को स्वीकार करते हुए कहा है कि वे राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी जीतने के लिए तैयार हैं।

साथियों बात अगर हम उपराष्ट्रपति अमेरिकी राष्ट्रपति पद की संभावित उम्मीदवार भारतवंशी कमला हैरिस के जीवन की व्याख्या, उपलब्धियां व गणों की करें तो अब अपना नाम वापस लेते हुए बाइडेन ने उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस को डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रेसिडेंशियल कैंडिडेट के तौर पर चुना है हालांकि अभी कमला के नाम पर पार्टी की मुहर लगनी बाकी है। कमला उम्र में बाइडेन से 22 साल छोटी हैं। विपक्ष के हमलों का जवाब देने में माहिर हैं, ब्लैक वोटर्स से लेकर महिलाओं तक में उनकी पैठ है। स्टोरी में वो 4 वजहें जो उन्हें डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए बेस्ट उम्मीदवार बनाती हैं। युवा नेतृत्व से लेकरअंतर्राष्ट्रीय मामलों में महाराथ, ट्रम्प के खिलाफ इन वजहों से बेहतर हैरिस (1) युवा नेतृत्वः अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से करीब 20 साल छोटी हैं। अगर वह अपनी पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनाई जाती हैं तो पार्टी के अंदर वह एक नई पीढ़ी का नेतृत्व करेंगी। इस तरह अमेरिकी युवाओं में बाइडेन की वजह से जो आकर्षण कम हुआ था, वो लोग हैरिस के नाम पर फिर से डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़ेंगे। बीते दिनों में युवाओं के बीच बंदूक, हिंसा, गर्भपात जैसे मुद्दों पर बोलकर हैरिस खूब लोकप्रिय हुई हैं। भारतीय मूल की कमला हैरिस फिलहाल 59 साल की हैं। वे न सिर्फ बाइडेन, बल्कि उम्र में ट्रम्प से भी उम्र में छोटी हैं। दोनों की उम्र में 19 साल का अंतर है। ऐसे में वो ट्रम्प को ज्यादा मजबूती से टक्कर दे पाएंगी। (2)अंतराष्ट्रीय मामलों को हल करने का एक्सपीरियंस : अमेरिका की राजनीति में देश और विदेश दोनों मामले बेहद अहम होते हैं। कमला हैरिस जो बाइडेन के बाद पार्टी के दूसरे सबसे अनुभवी नेताओं मे से एक हैं। अमेरिका की बड़ी आबादी को लगता है कि वह अंतराष्ट्रीय मामलों में मजबूती से अपनी जिम्मेदारी निभा सकती हैं। इजराइल या यूक्रेन को लेकर कमला का रुख बाइडेन से ज्यादा स्पष्ट रहा है। वह यहूदी देश इजराइल की कट्टर समर्थक हैं। इंटरनेशनल इश्यू पर स्पष्ट सोच रखने की वजह से वह इजराइल के कट्टर समर्थक अमेरिकी लोगों का वोट अपनी ओर कर सकती हैं (3)ट्रम्प को उन्हीं के अंदाज में जवाब मिलेगाः अमेरिका में चुनावी बिगुल बजने के बाद से डोनाल्ड ट्रम्प लगातर डेमोक्रेटिक पार्टी के विरोध में बयान दे रहे हैं, जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी में सिवाय कमला को छोड़कर ट्रम्प के आरोपों पर कोई नेता साफगोई से नहीं बोल पाता है। 18 जुलाई को उत्तरी कैरोलिना में एक जनसभा के दौरान कमला हैरिस ने ट्रम्प के एजेंडे पर एक-एक कर जोरदार हमला किया। इसके बाद मीडिया रिपोर्ट्स में ये चर्चा तेज हो गई कि डेमोक्रेटिक पार्टी में कमला हैरिस एकलौती ऐसी नेता हैं, जो ट्रम्प को उन्हीं के अंदाज में जवाब दे सकती हैं।

कमला को राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाने पर डेमोक्रेटिक पार्टी को इसका भी लाभ मिल सकता है। (4)बाइडेन की पर्सनालिटी के बजाय ट्रम्प के खिलाफ कैंपेन शुरू होगाः अब तक के चुनाव प्रचार में डोनाल्ड ट्रम्प सीधे जो बाइडेन की पर्सनालिटी को लेकर सवाल करते रहे हैं। वे बाइडेन की उम्र, याद रखने की शक्ति, लड़खड़ाते हुए चलने पर डेमोक्रेट नेता भी बाइडन को लेकर पार्टी में जनमत की मांग कर रहे हैं। ऐसे में अगर कमला राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाई जाती हैं तो डेमोक्रेट पार्टी की पूरी ताकत ट्रम्प के खिलाफ चुनावी कैंपेन में लगेगा। इससे फिलहाल ट्रम्प की ओर जा रहा एकतरफा लड़ाई दिलचस्प होगी।

# योग एवं योग-निद्रा के चमत्कारी प्रभाव से वैज्ञानिक सहमत

**-: ललित गर्ग:-**

> **कुछ समय पहले नोबेल पुरस्कार के सम्मानित एक अमेरिकी न्यूरो सर्जन ने माना था कि प्राणायाम मानसिक रोगों के उपचार में सबसे ज्यादा प्रभावी है। हाल ही में आईआईटी व एम्स दिल्ली द्वारा एमआरआई के जरिये कराये गए एक अध्ययन में इस बात की पुष्टि हुई कि योग निद्रा से न केवल नींद की गुणवत्ता बढ़ती है बल्कि मन के भटकाव को रोककर नींद को भी नियंत्रित किया जा सकता है**

**विश्व में** भारतीय योग की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता दिनोंदिन बढ़ती जा रही है, योग के चमत्कारी प्रभावों को अब विज्ञान भी स्वीकारने लगा है। अमेरिका, यूरोप व खासकर चीन में योग को लेकर बड़े शोध किए जा रहे हैं। कुछ समय पहले नोबेल पुरस्कार के सम्मानित एक अमेरिकी न्यूरो सर्जन ने माना था कि प्राणायाम मानसिक रोगों के उपचार में सबसे ज्यादा प्रभावी है। हाल ही में आईआईटी व एम्स दिल्ली द्वारा एमआरआई के जरिये कराये गए एक अध्ययन में इस बात की पुष्टि हुई कि योग निद्रा से न केवल नींद की गुणवत्ता बढ़ती है बल्कि मन के भटकाव को रोककर नींद को भी नियंत्रित किया जा सकता है। योग अनेक असाध्य बीमारियों को नियंत्रित करने में मददगार साबित हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार को देश-विदेश में योग को प्रतिष्ठित करने तथा एलोपैथी व अन्य भारतीय चिकित्सा विधाओं में समन्वय की दिशा में सार्थक पहल करने का श्रेय दिया जाना चाहिए। उनके प्रयत्नों से भारतीय योग एवं ध्यान के माध्यम से भारत दुनिया में गुरु का दर्जा एवं एक अनूठी पहचान हासिल करने में सफल हो रहा है।

आज हर व्यक्ति एवं परिवार अपने दैनिक जीवन में अत्यधिक तनाव/दबाव एवं अनिद्रा महसूस कर रहा है। हर आदमी संदेह, अंतर्द्वंद्व और मानसिक उथल-पुथल की जिंदगी जी रहा है। मनुष्य के सम्मुख जीवन का संकट खड़ा है। मानसिक संतुलन अस्त-व्यस्त हो रहा है। मानसिक संतुलन का अर्थ है विभिन्न परिस्थितियों में तालमेल स्थापित करना, जिसका सशक्त एवं प्रभावी माध्यम योग ही है। योग एक ऐसी तकनीक है, एक विज्ञान है जो हमारे शरीर, मन, विचार एवं आत्मा को स्वस्थ करती है। यह हमारे तनाव एवं कुंठा को दूर करती है। जब हम योग करते हैं, श्वासों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, प्राणायाम और कसरत करते हैं तो यह सब हमारे शरीर और मन को भीतर से खुश और प्रफुल्लित रहने के लिये प्रेरित करती है। नये शोध से तथ्य सामने आया है कि नियमित योग व ध्यान करने वाले प्रतिभागियों की नींद को नियंत्रित करने की क्षमता सामान्य प्रतिभागियों से अधिक पायी गई। इस नये वैज्ञानिक शोध में ऐसे कई महत्वपूर्ण खुलासे हुए। निस्संदेह, जिन लोगों को कई तरह के मनोकायिक रोग होते हैं, उनके लिये योग निद्रा रामबाण सिद्ध हो सकती है। यही वजह है कि अमेरिका व आस्ट्रेलिया आदि देशों में व्यावसायिक तनाव कम करने हेतु योग निद्रा पर जोर दिया जाता है। दिल्ली में हुए शोध में योग निद्रा से चेतना के उच्चतम स्तर को हासिल करने के तथ्य को भी स्वीकारा गया। शोधकताओं ने माना कि योग निद्रा के जरिये गहरे अवचेतन मन में दबी कुंठाओं को मानसिक सतह पर लाकर, कालांतर उनसे मुक्ति में मदद मिलती है। जिससे व्यक्ति की सेहत में सुधार होता है। पिछले दिनों कनाडा के ओंटेरियो यूनिवर्सिटी में हुए एक अध्ययन के अनुसार कुंठा और तनाव के लगभग 64 प्रतिशत मरीजों ने माना कि उन्हें इस बात का अंदाज नहीं था कि उनकी खास बीमारी की वजह अंदर दबा गुस्सा हो सकता है। यह गुस्सा दूसरों की वजह से शुरू होता है और अंततः इसे आप अपने ऊपर निकालने लगते हैं। कुछ मामलों में मरीजों ने अपने आपको नुकसान भी पहुंचाया।

विज्ञान ने यह प्रमाणित कर दिया है- जो व्यक्ति स्वस्थ रहना चाहता है, उसे योग को अपनाना होगा। बार-बार क्रोध करना, चिड़चिड़ापन आना, नींद न आना, मूड का बिगड़ते रहना- ये सारे भाव हमारी समस्याओं से लड़ने की शक्ति को प्रतिहत करते हैं। इनसे ग्रस्त व्यक्ति बहुत जल्दी बीमार पड़ जाता है। हमें अपनी भीतरी योग्यताओं और क्षमताओं को किसी दायरे में बांधने से बचना होगा। ऐसा तब होगा, जब हम योग को अपनी जीवनशैली बनायेंगे। हमारी हजारों साल के योग की विरासत की सार्थकता निर्विवाद है। लेकिन प्रगतिशील कहे जाने वाले एक तबके का तर्क होता है कि योग को विज्ञान की कसौटी पर कसा जाए। इसी के मध्यनजर तरह-तरह के शोध एवं अनुसंधान योग को लेकर हो रहे हैं, अब आईआईटी व एम्स दिल्ली के शोध में यह बात सामने आयी है कि योग से आराम के गहरे अहसास होते हैं। दरअसल, योग निद्रा सोने और जागने के बीच एक सचेतन अवस्था है। जिसका उपयोग योगी ध्यान साधना के लिये करते रहे हैं। योग निद्रा की मानसिक सेहत के लिये उपयोगिता निर्विवाद रही है। शोध के दौरान बनाये गए दो समूहों में से नियमित योग करने वाले समूह के लोगों के मस्तिष्क के पैटर्न के तुलनात्मक अध्ययन से पता चला कि योग निद्रा हमारे मस्तिष्क को कैसे नियंत्रित करती है। योगी बताते हैं कि कुछ मिनटों की योग निद्रा कई घंटे की सामान्य नींद के मुकाबले ज्यादा आराम देने वाली होती है। व्यक्ति धीरे-धीरे योग निद्रा की अवधि बढ़ाकर बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकता है। वहीं यह हमारे ध्यान को गहरा बनाने में भी मददगार साबित हो सकती है।

अभी कुछ दिन पहले ही एक बात समाचारपत्रों में पढ़ी कि कैंसर क्यों होता है, इसके कई कारण हैं। एक कारण यह है कि जो लोग मस्तिष्क का सही उपयोग करना नहीं जानते उनके कैंसर हो सकता है। मस्तिष्क विज्ञानी तो यह भी कहते हैं कि मस्तिष्क की शक्तियों का केवल चार या पांच प्रतिशत उपयोग आदमी करता है, शेष शक्तियां सुप्त पड़ी रहती है। यह भी कहा जाता है कि कोई मस्तिष्क की शक्तियों का उपयोग सात या आठ प्रतिशत करने में समर्थ हो जाए तो वह दुनिया का सुपर जीनियस बन सकता है। इस आधार पर तो हम यही कह सकते हैं कि हम अपने मस्तिष्क का सही और पूरा उपयोग करना नहीं जानते। चाहे कर्म का क्षेत्र हो या धर्म का क्षेत्र हो, दोनों में हम पिछड़े हुए हैं। सबसे पहले हमारी जानकारी मस्तिष्क विद्या के बारे में होनी चाहिए। योग विद्या भारत की सबसे प्राचीन विद्या है। योगविद्या के आचार्यों ने मस्तिष्क विद्या से दुनिया का परिचय कराया था।

बहुत सारी शारीरिक एवं मानसिक समस्याएं अज्ञान के कारण पैदा होती हैं। शरीर और उसके विभिन्न अवयवों के बारे में जानकारी के अभाव में आदमी के सामने अनेक शारीरिक कठिनाइयां खड़ी हो जाती हैं। हमारे मस्तिष्क में एक पर्त है एनीमल ब्रेन की। वह पर्त सक्रिय होती है तो आदमी का व्यवहार पशुवत हो जाता है। जितने भी हिंसक और नकारात्मक भाव हैं, वे इसी एनीमल ब्रेन की सक्रियता का परिणाम है। इसे संतुलित करने का माध्यम योग है। शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक शांति एवं स्वस्थ्यता के लिये योग की एकमात्र रास्ता है। लेकिन भोगवादी युग में योग का इतिहास समय की अनंत गहराइयों में छुप गया है। वैसे कुछ लोग यह भी मानते हैं कि योग विज्ञान वेदों से भी प्राचीन है। दुनिया में भारतीय योग को परचम फहराने वाले स्वामी विवेकानंद कहते हैं-ह्यह्यनिर्मल हृदय ही सत्य के प्रतिबिम्ब के लिए सर्वोत्तम दर्पण है। इसलिए सारी साधना हृदय को निर्मल करने के लिए ही है। जब वह निर्मल हो जाता है तो सारे सत्य उसी क्षण उसमें प्रतिबिम्बित हो जाते हैं।...पावित्र्य के बिना आध्यात्मिक शक्ति नहीं आ सकती। अपवित्र कल्पना उतनी ही बुरी है, जितना अपवित्र कार्यह्लह्ल आज विश्व में जो आतंकवाद, हिंसा, युद्ध, साम्प्रदायिक विद्धेष की ज्वलंत समस्याएं खड़ी है, उसका कारण भी योग का अभाव ही है।

हम जितना ध्यान रोगों को ठीक करने में देते हैं, उतना उनसे बचने में नहीं देते। दवा पर जितना भरोसा रखते हैं, उतना भोजन, संतुलित जीवन एवं श्वासों पर नहीं रखते। यही कारण है रोग पीछा नहीं छोड़ते। योग एवं ध्यान एक ऐसी विधा है जो हमें भीड़ से हटाकर स्वयं की श्रेष्ठताओं से पहचान कराती है। हममें स्वयं पुरुषार्थ करने का जज्बा जगाती है। स्वयं की कमियों से रू-ब-रू होने को प्रेरित करती है। स्वयं से स्वयं का साक्षात्कार कराती है।

आज जरूरत है कि हम अपनी समस्याओं के समाधान के लिये औरों के मुंहताज न बने। ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसका समाधान हमारे भीतर से न मिले। हमारे भीतर ऐसी शक्तियां हैं, जो हमें बचा सकती हैं। योग, संकल्प एवं संयम की शक्ति बहुत बड़ी शक्ति है।

# अगर यह सुशासन है तो जंगल राज क्या है?

**-निर्मल रानी-**

**मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभालने के जब डॉ.मोहन यादव ने यह कहना शुरू किया था कि राज्य में कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा उस समय प्रदेशवासियों में यह उम्मीद जगी थी कि प्रदेश को मिला नया नेतृत्व शायद राज्य से भय, आतंक व अराजकता के वातावरण को दुरुस्त कर सकेगा। परन्तु राज्य के हालात कानून व्यवस्था से लेकर भ्रष्टाचार तक अभी भी न केवल जस के तस बने हुये हैं बल्कि अपराधियों द्वारा अंजाम दी जाने वाली कुछ घटनाओं से तो ऐसा प्रतीत होने लगा है गोया सत्ता बदलने या मुख्यमंत्री की कानून व्यवस्था सम्बन्धी किसी चेतावनी का अपराधियों पर कोई असर ही नहीं। हद तो यह है कि प्रदेश में घटी अनेक बड़ी आपराधिक घटनाओं में सत्तारूढ़ भाजपा के लोगों के शामिल होने के भी प्रमाण मिलते रहे हैं। तभी विपक्ष को भी पूछना पड़ रहा है कि प्रदेश में होने वाली हर बड़ी आपराधिक घटनाओं के पीछे कहीं न कहीं बीजेपी से जुड़े लोग शामिल होते पाए गए हैं। तो क्या सरकार और पार्टी इस दिशा में कोई कदम उठाने वाली है? विपक्ष यह भी पूछ रहा है कि मध्य प्रदेश सरकार को जंगलराज के टैग से मुक्ति कब मिलेगी? और विशेषकर अनुसूचित जाति जनजाति पर होने वाले अत्याचार कब समाप्त होंगे?

पिछले दिनों मध्य प्रदेश के रीवा जिले में इलाहबाद मार्ग पर स्थित मंगावा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दबंगों द्वारा अपनी दबंगई का वह प्रदर्शन किया गया जो शायद आजतक उस बिहार व उत्तर प्रदेश जैसे उन राज्यों में भी नहीं हुआ जहाँ लालू यादव व अखिलेश यादव के राज को ह्यजंगल राज ह्य कहकर यही सत्ताधारी भाजपाई आज भी सम्बोधित किया करते हैं। रीवा जिले के हिनौता क्षेत्र में हुई इस घटना में गुंडों ने डंपर से बजरी फेंककर दो महिलाओं को जिंदा दफनाने की कोशिश की। इस घटना में ममता पांडे और आशा पांडे नाम की दो महिलाएं बजरी के ढेर में कमर और गर्दन तक दब गई थीं। जिन्हें स्थानीय लोगों ने फावड़े की सहायता से बजरी के ढेर में से



बाहर निकाल कर उनकी जान बचाई। इन महिलाओं को बेहोशी की हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यदि स्थानीय लोग मानवता का प्रदर्शन करते हुये उन महिलाओं को समय रहते बजरी के ढेर से बाहर न निकालते तो दोनों महिलाएं जिंदा ही दफ़्न हो जातीं। बताया जा रहा है कि इस गांव में एक सड़क निर्माण योजना को लेकर महिलाएं विरोध प्रदर्शन कर रही थीं। उन महिलाओं का दावा है कि चूँकि यह जमीन उन्हें सरकार द्वारा पट्टे पर दी गई थी इसीलिये वे उस जमीन पर सड़क निर्माण का विरोध कर रही थीं। और जब उन्होंने सड़क निर्माण रोकने की कोशिश की तो उन पर जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित महिलाओं ने गौकरण प्रसाद पांडे, महेंद्र प्रसाद पांडे सहित अन्य कई व्यक्तियों पर हमला करने और डंपर चालक पर उन्हें जिंदा दफनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। मोहन यादव सरकार से पहले शिवराज चौहान सरकार में भी इस राज्य में मानवता को शर्मसार करने वाली दबंगई की कई शर्मनाक घटनायें हो चुकी हैं। गत वर्ष जुलाई माह में मध्य प्रदेश के छतरपुर जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर बिकौरा गांव में पंचायत के लिए नाली का निर्माण कार्य चल रहा था। उस समय रामकृपाल पटेल नामक व्यक्ति पास के एक हैंडपंप पर नहा रहा था। बताया जाता है कि उसी समय दलित समुदाय के एक व्यक्ति दशरथ अहिरवार ने हंसी मजाक के माहौल में ग्रीस लगे हाथ से आरोपी रामकृपाल पटेल को छू लिया। तभी गुस्साया पटेल नहाने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे मग में पास में पड़ा मानव मल भर लाया और इसे दशरथ अहिरवार के सिर और चेहरे सहित पूरे शरीर पर भी लगा दिया। पीड़ित दलित दशरथ अहिरवार ने यह भी आरोप लगाया कि पटेल ने इस दौरान उसे जाति के आधार पर अपमानित भी किया। और जब उसने मामले की सूचना पंचायत को दी और बैठक बुलाई। तो पंचायत ने उल्टे उसी पर 600 रुपये का जुमार्ना भी लगा दिया।

यह वही मध्य प्रदेश राज्य है जहाँ गत वर्ष जुलाई में सीधी से भाजपा विधायक केदारनाथ शुक्ला के प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत प्रवेश शुक्ला नामक एक युवक ने एक आदिवासी युवक के मुंह व चेहरे पर पेशाब करते अपनी वीडियो बनवाई थी। बाद में आरोपी प्रवेश शुक्ला के विरुद्ध बहारी थाने में भारतीय दंड संहिता की धाराओं 294 (अश्लील हरकतें), 504 (शांति भंग करने के लिए जानबूझकर अपमान) और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। साथ ही आरोपी के विरुद्ध एनएसए की कार्रवाई भी शुरू की गई थी। मानवता को आहात करने वाली इस घटना ने पूरे मध्य प्रदेश को शर्मसार कर दिया था। इस घटना की वीडिओ भी वायरल हुई थी। इस घटना का जिक्र विदेशी मीडिया ने भी किया था। वैसे भी मध्य प्रदेश पूरे देश में दलितों के साथ अपराध के मामलों में तीसरे स्थान पर है। एक दो दशक पहले के खासकर उत्तर प्रदेश व बिहार में अन्य दलों के शासन को आज भी गुंडा राज कहकर याद करने वाली भाजपा के शासन में आखिर कौन सा अपराध नहीं हो रहा है? पुलिस कस्टडी में लोगों की संदिग्ध अवस्था में हत्यायें हो जाना क्या अराजकता की निशानी नहीं? गैंग रेप, अपहरण दलितों व अल्पसंख्यकों पर जुल्म क्या यह बेहतर कानून व्यवस्था के लक्षण हैं?

# विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक में हुआ महायोजना पर मंथन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बुधवार को चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बोर्ड की बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। बैठक में गत बैठक की कार्यवृत्तियों की अनुपालन आख्या पर समिति के सदस्यों द्वारा चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन स्तर पर महायोजनाओं की स्वीकृति के लिए गठित शासकीय समिति के अनुपालन में चित्रकूट धाम कर्वी महा योजना 2031 को जीआईएस आधारित डिजिटाइजेशन कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण परिषद की पूर्व बैठक में निर्देश के अनुपालन में चित्रकूट धाम कर्वी महा योजना में 17 स्थानों पर विभिन्न भू उपयोग प्रदर्शित होने के कारण इन भू उपयोगों के सम्बन्ध में समस्त शासकीय अधिशासकीय और गैर शासकीय व स्वायत्तशासी कार्यालय एवं नगर के समस्त आम जनमानस से कोई आपत्ति एवं सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं। प्राधिकरण परिषद की बैठक में चित्रकूट धाम कर्वी महा योजना 2031 को स्वीकृति प्रदान किये जाने का प्रस्ताव है, जिससे की प्राधिकरण परिषद की स्वीकृति



के बाद महा योजना शासन स्तर पर गठित शासकीय समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण के लिए प्रेषित किए जाने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत एवं प्रभागीय वनाधिकारी, अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि अगर कोई आपत्ति है तो सुझाव ले लिया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि चित्रकूट को भारत सरकार की अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत चयनित किया गया है। उन्होंने कहा कि चयनित नगरों के एरिया ऑफ इन्टरेस्ट का आगणन नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग झांसी द्वारा किया गया है। जिसके अनुसार चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण का एरिया आप इंन्टरेस्ट 183 वर्ग किमी है। एरिया आप इंन्टरेस्ट 100 वर्ग किमी से अधिक होने की दशा में अतिरिक्त वित्तीय भार सम्बन्धित अभिकरण द्वारा 18000 रूपए प्रति वर्ग किमी की दर से वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संभागीय नियोजन खंड झांसी द्वारा तैयार किए गए एरिया आप इंन्टरेस्ट एवं अतिरिक्त वित्तीय व्ययभार वहन किए जाने की स्वीकृति प्रदान किए जाने का प्रस्ताव प्राधिकरण परिषद की समक्ष प्रस्तुत है। इस सम्बन्ध में विस्तृत विवरण सहयुक्त नियोजन नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग संभागीय नियोजन खंड झांसी द्वारा परिषद के समोच्च प्रस्तुत किया जाएगा।आवास एवं शहरी नियोजन द्वारा जनपद में सुख सुविधा के लिए एवं पर्यटन को बढावा देने के लिए होटल निर्माण में कमरों की संख्या एवं क्षेत्रफल, पहुंच मार्ग की चैडाई सेट बैंक एवं भू अक्षादन, भवन की ऊंचाई, पार्किंग आदि में कतीपय पर संशोधन किए गए हैं। उन्होंने कहा कि शासन से यह भी निर्देश प्राप्त है कि इन संशोधनों को अपने बोर्ड से अनुमोदनों के बाद अंगीकार करते हुए अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस क्रम में इन संशोधनों का अनुमोदन किये जाने के लिए प्राधिकरण परिषद के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन योजना के अंतर्गत सोनपुर में निर्मित ऑडिटोरियम मल्टीपरपज परिसर के हस्तांतरण के सम्बन्ध में भी विचार किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मल्टीपरपज परिसर के संचालन के लिए एक संकलन समिति बनाकर सेवा प्रदाता के माध्यम से इसका संचालन कराया जाए।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, संयुक्त नियोजन झांसी रविंद्र कुमार गौतम, अतिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, अपर प्रभागीय वना अधिकारी राजीव रंजन सिंह, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुधीर कुमार, अधिशासी अभियंता जल निगम आशीष भारती, अधिशासी अधिकारी कर्वी लालजीत यादव, वरिष्ठ सहायक शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# अधिवक्ता संघ ने जताया विरोधः कोर्ट ऑफ कंटेम्प्ट अधिकारों पर उठाए सवाल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के कोर्ट ऑफ कंटेम्प्ट के संबंध में पारित आदेश के विरोध में चित्रकूट में अधिवक्ता संघ ने काला दिवस मनाया। वकीलों का आरोप है कि इस आदेश से उनके मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। बताया कि सात अगस्त 2024 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक आदेश जारी किया था। जिसमें कोर्ट ऑफ कंटेम्प्ट के संदर्भ में अधिवक्ताओं के कुछ अधिकारों को सीमित किया गया।

इसके विरोध में 22 सितंबर 2024 को प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अधिवक्ता संघ की बैठक हुई। चित्रकूट में भी बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने इकट्ठा होकर इस मुद्दे पर चर्चा की। अपने असंतोष को व्यक्त किया। अधिवक्ता संघ के



प्रमुख नेताओं ने कहा कि हमारे अधिकारों का सीधा हनन हो रहा है। यह आदेश हमारी स्वतंत्रता और न्यायिक प्रक्रिया में हिस्सेदारी पर सवाल खड़ा करता है। हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे और अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

विरोध स्वरूप अधिवक्ताओं ने पूरे दिन काली पट्टी बांधकर काम किया। अदालत परिसर में एकजुटता दिखाई। अधिवक्ताओं का कहना है कि यदि उनकी मांगों को नहीं माना गया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। अधिवक्ता संघ ने साफ शब्दों में कहा है कि वे न्यायपालिका के सम्मान में कोई कमी नहीं चाहते। परंतु अपने अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे। अधिवक्ता संघ की ओर से यह संकेत मिल रहे हैं कि न्यायालय उनकी मांगों पर पुनर्विचार नहीं किया गया, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

# अवैध गांजा के साथ दो गांजा तस्कर गिरफ्तार, मोटरसाइकिल बरामद

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल के पर्यवेक्षण में भरतकूप पुलिस टीम द्वारा 2 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों को 13 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा व 1 मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है कि थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह तथा उप निरीक्षक यूटी उत्कर्ष सिंह, आरक्षी सतीश यादव, रणवीर सिंह, संदीप कुमार भरतकूप मंदिर तिराहे से मोटरसाइकिल पर सवार अनिल प्रजापति निवासी इटौरा व सत्यपाल यादव निवासी मोतीपुर थाना महाराजगंज जनपद आजमगढ को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 13 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपियों ने पूंछताछ में बताया कि वह लोग यह गांजा उडीसा राज्य से लाये हैं तथा जनपद चित्रकूट, बांदा, कौशाम्बी, फतेहपुर एवं प्रयागराज में सप्लाई करते हैं। बरामद गांजे की कीमत लगभग 3 लाख 30 हजार रुपये है। बरामद मोटरसाइकिल को एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया है। साथ ही बरामद गांजा के सम्बन्ध में थाना भरतकूप में एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

## रहस्यमय बुखार का कहर

# बच्ची समेत तीन की मौत

### इलाके में दहशत स्वास्थ्य विभाग से तत्काल कदम उठाने की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में रहस्यमय बुखार का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। पिछले दो दिनों में तीन लोगों की मौत ने इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है, जिसमें एक पांच वर्षीय बच्ची भी शामिल है। सभी घटनाएं जिले के अलग-अलग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर दर्ज की गई हैं, जिससे स्थानीय लोगों में भय बढ़ गया है।

बुधवार को पहाड़ी थाना क्षेत्र के बछरन गांव की पांच वर्षीय हर्षिता, पुत्री कमलेश की अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल



ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। इसी तरह, मानिकपुर के सकरौंहा गांव की 60 वर्षीय कलावती, पत्नी महादेव, की भी अचानक तबीयत खराब हो गई। उनका पुत्र लवकुश उन्हें जिला अस्पताल लेकर आया, लेकिन इलाज के दौरान कलावती ने मंगलवार रात दम तोड़ दिया। शिवरामपुर चौकी क्षेत्र के मछरिहा गांव की 65 वर्षीय सरस्वती, पत्नी देशराज, को हार्टअटैक के बाद अस्पताल लाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

लगातार हो रही इन मौतों से ग्रामीणों में भय और चिंता का माहौल है। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से तत्काल कदम उठाने की मांग की है, ताकि इस रहस्यमय बुखार के कारण का पता चल सके और इसे रोकने के लिए जरूरी उपाय किए जा सकें।

# शिविर लगाकर किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश के क्रम में बुधवार को तिगालिया चौराहा परिवर्तन गेस्ट हाउस मानिकपुर में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा खाद्य अनुज्ञप्ति, पंजीकरण कैम्प का आयोजन किया गया।

कैम्प में माध्यम से खाद्य कारोबारकर्ताओं के कुल 18 पंजीकरण तथा 1 खाद्य लाईसेंस जारी कराये गये। कैम्प में मौके पर खाद्य कारोबारकर्ताओं के पंजीकरण व लाईसेंस के आनलाईन आवेदन कराने के साथ खाद्य पंजीकरण को मौके पर निर्गत किया गया। साथ ही खाद्य कारोबारकर्ता, व्यापारियों को वितरित भी किया गया। कैम्प में खाद्य कारोबारकर्ताओं व आमजनमानस को पंजीकरण, लाईसेंस की अनिवार्यता व खाद्य सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक भी किया गया। खाद्य लाईसेंस, पंजीकरण कैम्प का आयोजन प्रियंका सिंह सहायक आयुक्त (खाद्य), खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देशन में कराया गया। इस मौके पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनय कुमार व प्रमोद कुमार सोनकर आदि मौजूद रहे।

# निरीक्षण के दौरान स्कूल बन्द मिलने पर समस्त स्टाफ का रोका वेतन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने बुधवार को तीन सरकारी स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय एक स्कूल बंद मिलने पर उन्होंने पूरे स्टाफ का सितम्बर माह का वेतन रोकने के आदेश दिए हैं। साथ ही सभी से जवाब तलब किया है।

सरकारी स्कूलों में शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाने के निर्देश जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने दिए है। इसी क्रम में बुधवार को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने पहाडी ब्लाक के तीन स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें प्राथमिक विद्यालय ओबरी में सहायक अध्यापक द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानाध्यापक बीआरसी पहाडी में प्रशिक्षण में उपस्थित हैं। विद्यालय में कुल पंजीकृत 53 में से 47 बच्चें उपस्थित पाये गये। विद्यालय का शैक्षणिक, भौतिक परिवेश ठीक पाया गया। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय कुचारम के निरीक्षण में समस्त स्टाफ विद्यालय में उपस्थित पाये गये। विद्यालय में कुल पंजीकृत 100 में से 80 बच्चें उपस्थित पाये गये। शिक्षक पवन कुमार यादव विद्यालय परिसर में पेड के नीचे बैठकर फोन में वार्ता करते हुये पाये गये। पूँछने पर बताया कि किसी आवश्यक कार्य के लिए घर के सदस्य से वार्ता हो रही है। विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं विद्यालय बन्द होने के समय से पूर्व ही कक्षा-कक्षों से बाहर विद्यालय परिसर में एक जगह एकत्रित पाये गये। पूँछने पर छात्रों ने बताया कि वह घर जाने के लिये बाहर खडे हैं। कक्षा 5 में छात्रों का शैक्षिक मूल्यांकन किया गया, जिसमें पठन-पाठन की स्थिति संतोषजनक पायी गई। विद्यालय में डिजिटल पंजिकाओं का उपयोग नहीं किया जा रहा है। प्रधानाध्यापक प्रीतम सिंह व सहायक अध्यापक पवन कुमार यादव को डिजिटल पंजिकाओं के उपयोग किये जाने एवं तत्सम्बन्धी आख्या एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय को उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा उच्च प्राथमिक विद्यालय कुचारम का निरीक्षण अपरान्ह 2:15 बजे किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय बन्द पाया गया। बीएसए ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा समस्त स्टाफ को विद्यालय समय से 15 मिनट पहले एवं विद्यालय बन्द होने के बाद 30 मिनट तक विद्यालय में उपस्थित रहने के कडे निर्देश प्रदान किये गये है। इससे स्पष्ट है कि प्रधानाध्यापक एवं समस्त स्टाफ द्वारा शासकीय, विभागीय उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की जा रही है। प्रधानाध्यापक एवं समस्त स्टाफ द्वारा अपने पदेन दायित्वों का निर्वहन न कर, विभाग की छवि को धूमिल किया जा रहा है। उनकी उदासीनता, अनुशासनहीनता व स्वेच्छाचारिता को दर्शाता है, जो शिक्षक आचरण नियमावली के प्रतिकूल है। यह कृत्य गम्भीर अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे में विद्यालय में कार्यरत समस्त स्टाफ का माह सितम्बर 2024 का वेतन अग्रिम आदेशों तक अवरुद्ध करते हुये निर्देशित किया जाता है कि इस सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से कार्यालय को एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में एकपक्षीय दण्डात्मक कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

## प्रदर्शनी का शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** खंड विकास अधिकारी राम जी मिश्रा ने फीता काट कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मऊ क्षेत्राधिकारी जयकरन सिंह मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी की दुकानों में खाने पीने की चीजों से लेकर सभी प्रकार के समान कपडे, जूते, मोजे, शर्ट, टी शर्ट, पैंट, कॉस्मेटिक का सामान एवं घरेलू वस्तुएं मौजूद है। प्रदर्शनी मेले का आयोजन अनमोल गुप्ता द्वारा किया गया किया गया।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय में दीनदयाल जयंती मनाई गई

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र में वी बोक व एम बोक के छात्र-छात्राओं द्वारा दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ कुलगुरु प्रो भरत मिश्र ने किया। दीन दयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र के सेवानिवृत प्राचार्य ई राजेश सिन्हा मुख्य वक्ता रहे।

कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय के आदर्श हम सबके जीवन में अनुकरणीय है। दीनदयाल उपाध्याय का चिंतन, दर्शन वर्तमान परिवेश में अत्यधिक प्रासंगिक है। आज भारत के प्रगति के पथ पर अग्रसर होने के पीछे पंडित दीनदयाल उपाध्याय का चिंतन ही कार्य कर रहा है।

कुलगुरु ने छात्र-छात्राओं को दीनदयाल उपाध्याय के जीवन दर्शन पर कम से कम दो पृष्ठ आलेख लिखने की प्रेरणा दी। इंजी राजेश सिन्हा ने दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से जुडे प्रेरक प्रसंग साझा किए। कार्यक्रम का संयोजन दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र के प्राचार्य इंजी रविकांत श्रीवास्तव ने किया। प्रायोगिक और तकनीकी समन्वयन बाबूलाल का रहा। संचालन डॉ गोविंद सिंह ने किया।

इस मौके पर प्रो रमेश चंद्र त्रिपाठी, डॉ आन्जनेय पांन्डेय, इं अश्विनी दुग्गल, डॉ चन्द्र प्रकाश गूजर, डॉ शिव शंकर सिंह, इं के पी मिश्रा, मनीष तिवारी, प्रकाश त्रिपाठी, सत्यनारायण गर्ग, लक्ष्मण प्रसाद गर्ग, संजय कुमार, मुन्ना लाल, जब्बर सिंह, सन्तोष सेन आदि मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ सपा छात्रसभा का प्रदर्शन

### बेरोजगारी, शिक्षा के खिलाफ उठाई आवाज, राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बढ़ती बेरोजगारी, शिक्षा में गड़बड़ी व भ्रष्टाचार के खिलाफ समाजवादी छात्र सभा ने प्रदर्शन किया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन में प्रदेश भर में छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर विरोध जताया।

बुधवार को सपा कार्यालय से छात्र सभा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकाला। जो धनुष चैराहे से होते हुए तहसील तक



ज्ञापन सौंपते सपाई।

पहुंचा। प्रदर्शनकारियों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। प्रदर्शन दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी बहुत बढ़ गई है। शिक्षा का स्तर गिर रहा है और भ्रष्टाचार से सभी व्यवस्थाएं प्रभावित हैं। इसके अलावा, किसानों को उचित समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है। हाल ही में हुए एनकाउंटर को फर्जी बताया, जिसकी जांच की मांग की गई। समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

मांग किया कि बेरोजगारी पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठायें। शिक्षा व्यवस्था में सुधार हो। भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई हो। किसानों को का पूरा लाभ मिले। फर्जी एनकाउंटर की जांच हो। ज्ञापन सौंपने के बाद कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने जल्द ही इन मुद्दों पर ध्यान नहीं दिया, तो प्रदर्शन और भी तेज किया जाएगा। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, मान सिंह पटेल, सपा विधायक अनिल प्रधान, डॉ संजय यादव, सर्वेश सिंह, छोटू यादव, अर्जुन सिंह, राहुल यादव, रावेन्द्र यादव, कुशल यादव, शारदा यादव, मोहन प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# साफ वातावरण में रहने से मानसिक शांति और सकारात्मकता का बनता है माहौल : जिला जज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 शुरू हो गया है। जिसमें स्वच्छता और पर्यावरण स्थिरता पर विशेष जोर दिया गया। इस अभियान की थीम है स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता। इस वर्ष 2 अक्टूबर 2024 तक चलेगा। स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारम्भ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विकास कुमार प्रथम की अध्यक्षता में बुधवार को न्यायालय परिसर में किया गया। साथ ही समस्त न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता



अभियान चलाया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने बताया कि स्वच्छता से रोगों के खतरे कम होते हैं और आप स्वस्थ रहते है। साफ माहौल, साफ-सुथरे वातावरण में रहने से मानसिक शांति और सकारात्मकता का माहौल बनता है। स्वच्छता उदाहरण बन जाता है। व्यक्तिगत स्वच्छता का पालन करके आप अपने परिवार और समाज के लिए एक अच्छा उदाहरण बन जाते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि जिला जज विकास कुमार प्रथम द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी।

स्वच्छता ही सेवा अभियान में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी श्रीकृष्ण यादव, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव, अपर जिला जज अनुराग कुरील, विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट राममणि पाठक, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रेनू मिश्रा, अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती, सिविल जज (सीडि) सचिन कुमार दीक्षित, अपर सिविल जज (सीडि) इला चैधरी, सिविल जज एफटीसी सोनम गुप्ता, सिविल जज (जूडि) सैफाली यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम अंजलिका प्रियदर्शिनी, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय एस आनन्द, नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी लालजी यादव, सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### गरीब कल्याण सुनिश्चित करके भाजपा की डबल इंजन सरकारें दीनदयाल उपाध्याय को दी सच्ची श्रद्धांजली

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनपद के 851 बूथों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती कार्यक्रम का आयोजित किया गया। साथ ही संगठन पर्व के तहत महासदस्यता अभियान में अलग-अलग बूथों पर जनप्रतिनिधिगण, पदाधिकारी-गण सहभागी हुए। जयंती कार्यक्रम पर भाजपा के पितृ पुरूष अजातशत्रु पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पार्चन करके कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजली अर्पित की। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन राष्ट्र को समर्पित था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय पूरा जीवन राष्ट्र व समाज के उत्थान के लिए चिंतन और कार्य करते रहे। हम सबको सभी बूथों पर सदस्यता करके हमको भाजपा परिवार का विस्तार करना है। सदस्यता अभियान के तहत घर-घर सम्पर्क करके भाजपा का विस्तार करना है। 8800002024 पर मिस्ड कॉल करके सबको सदस्य बनाना है। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने अन्त्योदय का चिंतन किया।

# पं दीनदयाल के सपने को साकार कर रहे पीएम मोदी व सीएम योगीः आरके सिंह पटेल

## धूमधाम से मनाई पं दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जनसंघ के संस्थापक पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मुख्यालय से सटे ग्राम पंचायत कसहाई में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे बांदा-चित्रकूट के पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि पं दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय के प्रणेता, महान चिंतक, विचारक व भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। उनकी दूरदृष्टि व विजन के कारण गांव, गरीब, किसान व महिलाएं राजनीतिक दलों के एजेंडे के हिस्से बने। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीबों को विकास की मुख्य धारा से जोड़कर पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को साकार कर रहे हैं। इस दौरान पूर्व सांसद ने



जयंती मनाते पूर्व सांसद।

विशेष अभियान चलाकर ग्रामीणों को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

बुधवार को पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती कसहाई ग्राम के बूथ पर बहुत ही धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल ने ग्रामीणों के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद पटेल ने कहा कि पं दीनदयाल उपाध्याय ने विचारों से भारतीय राजनीति को जो जीवन दृष्टि दी, उनका चिंतन-मनन आज भी न केवल भारतीय लोकतंत्र, बल्कि राजनीतिक दलों द्वारा प्रारंभ किए गए विभिन्न कार्यक्रमों में देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि पं दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन में गांव, गरीब, किसान, समाज के दबे-कुचले लोगों व महिलाओं को स्वावलंबन के पथ पर अग्रसर करने की दृष्टि है और उस तबके लिए सहानुभूति है।

# भारत-जर्मनी द्विपक्षीय श्रृंखला से दिल्ली में हॉकी की भावना पुनर्जीवित होगी: हरमनप्रीत सिंह



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने जर्मनी के खिलाफ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला से पहले अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए कहा कि यह श्रृंखला राजधानी में हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करेगी।

दो मैचों की श्रृंखला 23 और 24 अक्टूबर को प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में खेली जाएगी। यह श्रृंखला एक दशक के बाद राजधानी में पुरुषों की अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी को चिह्नित करेगी, जिसका अंतिम मैच जनवरी 2014 में हॉकी विश्व लीग फाइनल - पुरुष राउंड 4 के दौरान खेला गया था।

आगामी श्रृंखला को लेकर हरमनप्रीत ने कहा, ह्लइतने सालों के बाद दिल्ली में घरेलू प्रशंसकों के सामने खेलना एक टीम के रूप में हमारे लिए वास्तव में विशेष है। मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में बहुत सारे इतिहास और यादें हैं और यहां टीम का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान होगा। अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलने की ऊर्जा बेजोड़ है, और मुझे पता है कि प्रशंसक हमारा समर्थन करने के लिए बड़ी संख्या में आएंगे।

उन्होंने आगे कहा, "जर्मनी विश्व हॉकी में शीर्ष टीमों में से एक है, और उनके खिलाफ खेलना हमारे लिए एक बड़ी चुनौती होगी। यह हमारी तैयारी के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हम आगे आने वाले प्रमुख टूनार्मेंटों के लिए तैयार हैं। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और यह श्रृंखला हमें एक बहुत मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खुद को परखने का अवसर देगी।"

दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी पर हरमनप्रीत ने कहा, "दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच की मेजबानी किए हुए एक दशक से अधिक समय हो गया है और हम इस खेल को राजधानी में वापस लाने के लिए उत्साहित हैं। यह श्रृंखला केवल दो टीमों के खेलने के बारे में नहीं है; यह दिल्ली में हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करने के बारे में है। हमें उम्मीद है कि यह क्षेत्र के अधिक युवा खिलाड़ियों को खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।"

विशेष रूप से, यह दो मैचों की श्रृंखला न केवल दिल्ली के लिए एक आकर्षण है, बल्कि देश भर में खेल को बढ़ावा देने के हॉकी इंडिया के दृष्टिकोण का भी हिस्सा है। हाल के वर्षों में, हॉकी इंडिया ने ओडिशा से आगे बढ़कर, जो हॉकी का केंद्र बन गया है, खेल को अन्य शहरों में लाने के लिए अपने प्रयासों का विस्तार किया है।

# राष्ट्रीय स्टैंड-अप पैडल बोर्डिंग चैंपियनशिप 2024 के लिए दर्ज हुई रिकॉर्ड भागीदारी



**रामेश्वरम।** पाल्कबे एसयूपी चैलेंज, राष्ट्रीय स्टैंड-अप पैडल बोर्डिंग चैंपियनशिप, ने 120 से अधिक पंजीकरण के साथ एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है, जो इस इवेंट के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक भागीदारी है।

राष्ट्रीय एसयूपी चैंपियनशिप का आयोजन 28 और 29 सितंबर को पाल्कबे, रामेश्वरम के सुंदर पिरप्पनवलसी बीच पर किया जाएगा। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 9 राज्यों से 120 से अधिक एथलीट्स स्प्रिंट (200 मीटर), टेक्निकल (4 किलोमीटर) और डिस्टेंस (12 किलोमीटर) श्रेणियों में, पुरुष, महिला, ग्रोम्स (व-16), डिफेंस और ओपन पांच डिवीजनों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

इस इवेंट का आयोजन क्वेस्ट एकेडमी द्वारा सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में किया जाएगा जिसे तमिलनाडु सर्फिंग एसोसिएशन द्वारा समर्थित किया गया है, जो तमिलनाडु स्पोर्ट्स डेवलपमेंट अथॉरिटी (एसडीएटी) से संबंधित है।

तमिलनाडु के मौजूदा चैंपियन सेकर पचाई, जिन्होंने पुरुषों की श्रेणी में टेक्निकल और डिस्टेंस खिताब जीते थे, और मोनिका पुगझरासु, जिन्होंने स्प्रिंट और डिस्टेंस खिताब जीते थे, अपने खिताब की रक्षा के लिए वापसी करेंगे। मौजूदा स्प्रिंट चैंपियन एम मणिकंदन, सेकर के अन्य दो खिताबों को चुनौती देने की कोशिश करेंगे, जबकि पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन तन्वी जगदीश अपने खिताब को मोनिका से वापस जीतना चाहेंगी। अन्य होनहार स्टैंड-अप पैडलर्स, मुथु कुट्टी, अजित गोविंद और राजा पांडियन पुरुषों की श्रेणी में जबकि आनंदी आरती, यामिनी कन्नन और विजयलक्ष्मी इरुलप्पन महिलाओं की श्रेणी में कड़ी प्रतिस्पर्धा देंगे, साथ ही नए स्टैंड-अप पैडलर्स भी चुनौती पेश करेंगे। ग्रोम्स (व-16) श्रेणी में अकाश पुजार, कालिदास और मुथुकुमार पे सभी की नजरे होंगी।

सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष, अरुण वासु ने कहा, "सर्फिंग और स्टैंड-अप पैडल बोर्डिंग भारत को वैश्विक मंच पर, विशेषकर ओलंपिक में, पदक हासिल करने का एक रास्ता प्रदान करते हैं।" उन्होंने मालदीव में एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में भारत की हालिया सफलता का भी उल्लेख करते हुए कहा, "मालदीव में एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में हमारे एथलीटों के प्रदर्शन के चलते हमने आगामी एशियाई खेलों के लिए दो स्थान सुरक्षित किए हैं।"

# 23 खिलाड़ी यूपी की अंडर-23 क्रिकेट टीम के लिए देंगे ट्रायल



**मुरादाबाद।** डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के सचिव व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता एडवोकेट ने बुधवार को बताया कि जोन के 23 खिलाड़ियों को यूपी की अंडर-23 क्रिकेट टीम के ट्रायल्स के लिए चिन्हित किया गया है। इन खिलाड़ियों के ट्रायल्स यूपीसीए द्वारा कमला क्लब कानपुर में लिए जाएंगे। चयनित खिलाड़ी उत्तर प्रदेश की टीम में मुरादाबाद मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे। डीएसए सचिव विजय गुप्ता ने आगे बताया कि ट्रायल्स के लिए चिन्हित किए गये खिलाड़ियों में मुरादाबाद से शांभव सिंह, मिर्जा इंतजार बेग, अब्दुल वसीम अख्तर, आर्यन चौधरी, आसिम नजर, गर्वित अग्रवाल, नकुल गुप्ता, विशाल तोमर, सिद्धार्थ, विजय पाल सिंह व मो. अरबाज शामिल हैं।

# ईसीबी महिला घरेलू खिलाड़ियों को 2025 से मूल वेतन समानता प्रदान करेगा




**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने लैंगिक समानता की दिशा में एक और कदम उठाया है, जिसके तहत 2025 से घरेलू क्रिकेट में न्यूनतम शुरूआती वेतन पुरुषों और महिलाओं के पेशेवर खेलों में समान कर दिया जाएगा।

यह कदम, जो नई महिला काउंटी प्रतियोगिता के पहले सत्र के साथ मेल खाएगा और 'सीनियर प्रो' स्तर पर उन खिलाड़ियों के लिए लागू होगा, जिन्होंने खुद को पहली टीमों में स्थापित किया है।

यह घोषणा जून 2023 में क्रिकेट में समानता के लिए स्वतंत्र आयोग (आईसीईसी) की रिपोर्ट के मद्देनजर की गई है, जिसमें इंग्लैंड और वेल्स में महिला क्रिकेट के वेतन ढांचे में "मौलिक बदलाव" की बात कही गई थी। रिपोर्ट में पाया गया कि इंग्लैंड की महिलाओं का औसत वेतन उनके पुरुष समकक्षों का 20.6% था (हालाँकि ईसीबी ने उस आँकड़ों को 30% के करीब माना था), और 2029 तक घरेलू स्तर पर और 2030 तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वेतन को समान करने का लक्ष्य निर्धारित किया।

हालाँकि ईसीबी ने खेल में पूर्ण समानता प्राप्त करने के लिए रिपोर्ट की समय-सीमा पर जोर दिया, लेकिन न्यूनतम वेतन के लिए उनकी प्रतिबद्धता क्रिकेट को करियर विकल्प के रूप में मानने वाले युवा खिलाड़ियों के लिए अवसर की समानता प्रदान करने की आवश्यकता को दशार्ती है। रिपोर्ट के प्रकाशन के समय, पुरुष प्रथम श्रेणी के काउंटी खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम वेतन 27,500 पाउंड के आसपास था।महिला पेशेवर खेल की निदेशक बेथ बैरेट-वाइल्ड ने कहा, "हमारे पुरुष और महिला पेशेवर घरेलू खेल में शुरूआती वेतन को समान करना इंग्लैंड और वेल्स में महिला क्रिकेट के लिए एक और सकारात्मक कदम है। पिछले नौ महीनों में हमने महिला घरेलू क्रिकेट की संरचना में जो बदलाव किए हैं, वे एक टिकाऊ और व्यवहार्य उत्पाद बनाने के बारे में हैं जो मैदान के बाहर आकर्षक हो, साथ ही मैदान पर भी गुणवत्तापूर्ण हो। इसके हिस्से के रूप में, यह महत्वपूर्ण है कि हमारे खिलाड़ियों को उचित पारिश्रमिक दिया जाए, और क्रिकेट को महिलाओं के लिए न केवल एक व्यवहार्य कैरियर विकल्प के रूप में देखा जाए, बल्कि एक आकर्षक विकल्प के रूप में भी देखा जाए।" उन्होंने कहा, "हम जो भी निर्णय लेते हैं, वह क्रिकेट को युवा लड़कियों के लिए लड़कों की तरह ही आकर्षक खेल बनाने के बारे में होता है। हम जानते हैं कि हमें इस क्षेत्र में अभी भी बहुत काम करना है। लेकिन हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, और आज की खबर खेल में लैंगिक समानता की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण आधारशिला है।"

# कार्लोस अल्काराज ने सत्र के अंतिम एटीपी फाइनल्स में अपना स्थान सुरक्षित किया



**नई दिल्ली।** कार्लोस अल्काराज ने नवंबर में ट्यूरिन में होने वाले सत्र के अंतिम एटीपी फाइनल्स में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है, इसी के साथ वह विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जननिक सिनर और दो बार के चैंपियन अलेक्जेंडर जेवेरेव के साथ इस टूनार्मेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं।

21 वर्षीय अल्काराज ने इस साल फ्रेंच ओपन और विंबलडन जीतकर अपने ग्रैंड स्लैम की संख्या चार कर ली है, इससे पहले उन्होंने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता था।

स्पेन के तीसरे नंबर के खिलाड़ी, जिन्होंने इंडियन वेल्स का खिताब भी जीता है, ने लगातार तीसरे साल सीजन के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया है और पिछले साल सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद पहली बार ट्रॉफी जीतने का लक्ष्य रखेंगे।

पेट की चोट के कारण उन्हें 2022 के संस्करण से बाहर होना पड़ा। पिछले साल के उपविजेता सिनर ने मॉन्ट्रियल क्वार्टर फाइनल में अपनी दौड़ के दौरान अगस्त में क्वालीफाई किया, जबकि 2018 और 2021 के चैंपियन जेवरेव ने इस महीने यू.एस. ओपन के अंतिम आठ में जगह बनाकर अपना स्थान अर्जित किया। एटीपी फाइनल, जिसमें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आठ एकल खिलाड़ी और युगल टीमें शामिल हैं, जो अलग-अलग रेस टू ट्यूरिन रैंकिंग द्वारा निर्धारित की जाती हैं, 10-17 नवंबर तक चलेंगी।

# पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए नोमान अली, आमिर जमाल को टीम में किया शामिल



**कराची।** पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाले पहले टेस्ट के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली और आमिर जमाल की वापसी हुई है।

नोमान ने पाकिस्तान के लिए कुल 15 टेस्ट खेले हैं, जिसमें उन्होंने 47 विकेट लिए हैं। 37 वर्षीय इस अनुभवी खिलाड़ी ने अपना आखिरी मैच जुलाई 2023 में खेला था। खुर्रम शहजाद की चोट ने आमिर जमाल के लिए पाकिस्तान टीम में वापसी का रास्ता साफ कर दिया है। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर, जिन्हें अपनी पीठ की समस्या है, पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर प्रभावशाली रहे, लेकिन उसके बाद उन्होंने रेड-बॉल क्रिकेट नहीं खेला है। हालांकि, उन्होंने हाल ही में चैंपियंस कप में वापसी की।

हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ खेलने के लिए चुनी गई 17 सदस्यीय टीम में से चयनकताओं ने कामरान गुलाम और मोहम्मद अली को बाहर रखा है। चयनकताओं ने पुष्टि की कि दोनों खिलाड़ी उनकी योजना में बने रहेंगे, लेकिन एक बयान में उन्होंने बताया कि "चयन नीति में स्थिरता और निरन्तरता पर जोर दिया गया है, तथा यह विश्वास है कि एक टेस्ट के लिए 15 खिलाड़ी पर्याप्त हैं, इसलिए उन्हें चैंपियंस वन-डे कप और प्रेसिडेंट्स कप में अपनी टीमों का प्रतिनिधित्व जारी रखने की सलाह दी गई है और प्रोत्साहित किया गया है।" श्रृंखला के लिए चुने गए खिलाड़ियों को चैंपियंस वन-डे कप प्लेऑफ से हटा दिया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें टेस्ट श्रृंखला से पहले पर्याप्त आराम मिले।

मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी ने कहा, "व्यस्त घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कार्यक्रम के साथ, इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले हमारे खिलाड़ियों को कुछ आवश्यक आराम देना समझदारी है। हम पाकिस्तान में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला का बहुत बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और इसके शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकते। हम अपने शानदार समर्थकों के सामने खेलने को लेकर उत्साहित हैं।"

टीम 30 सितंबर को मुल्तान में एकत्रित होगी और 1 अक्टूबर से प्रशिक्षण शिविर शुरू होगा। पहला टेस्ट 7 अक्टूबर से शुरू होने वाला है।

**पाकिस्तान की टीम इस प्रकार है:** शान मसूद (कप्तान), सऊद शकील (उपकप्तान), आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, बाबर आजम, मीर हमजा, मोहम्मद हुरैरा, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), नसीम शाह, नोमान अली, सईम अयूब, सलमान अली आगा , सरफराज अहमद (विकेटकीपर), शाहीन शाह अफरीदी।

# डब्ल्यूटीए 1000 वुहान ओपन में भाग लेंगी इगा स्विएटेक



**वारसा।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्विएटेक, जो व्यक्तिगत कारणों से सियोल और बीजिंग में टूनार्मेंट से चूक गई थीं, डब्ल्यूटीए 1000 वुहान ओपन में खेलेंगी, टेनिस खिलाड़ी के प्रबंधक ने मंगलवार को पोलिश मीडिया के साथ एक साक्षात्कार में इसकी पुष्टि की।

सितंबर की शुरूआत में, 23 वर्षीय खिलाड़ी यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जेसिका पेगुला से 6-2, 6-4 से हार गई थी। फिर उन्होंने सियोल और बीजिंग में टूनार्मेंट से नाम वापस ले लिया।


स्विएटेक की पीआर और संचार प्रबंधक पाउला वोलेका ने मंगलवार को पोलिश मीडिया को बताया,"अगला टूनार्मेंट जिसके लिए इगा ने पंजीकरण कराया है, वह वुहान में होने वाली प्रतियोगिता है। स्पेन के मलागा में बिली जीन किंग कप टूनार्मेंट में स्विएटेक की भागीदारी के बारे में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।"

इससे पहले स्विएटेक ने शुक्रवार को डब्ल्यूटीए के हवाले से कहा था, "व्यक्तिगत कारणों से, मुझे बीजिंग में चाइना ओपन से हटना पड़ रहा है। मैं बहुत दुखी हूँ क्योंकि मैंने वहाँ बहुत अच्छा समय बिताया था और पिछले साल जीता था। मैं वहाँ वापस जाने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती थी। प्रशंसक वहाँ शानदार टेनिस देख पाएँगे। मुझे खेद है कि मैं इसका हिस्सा नहीं बन पाऊँगी।"

वुहान में होने वाला टूनार्मेंट 7 से 13 अक्टूबर तक ऑप्टिक्स वैली इंटरनेशनल टेनिस सेंटर में आयोजित किया जाएगा।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# मंडलीय हॉकी में प्रयागराज बना चैम्पियन



**प्रयागराज।** मंडलीय विद्यालयीय अंडर-14 हॉकी प्रतियोगिता में प्रयागराज ने प्रतापगढ़ को 4-0 से हराकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान पर बुधवार को सम्पन्न हुई प्रतियोगिता के फाइनल मैच में प्रयागराज की ओर से मोहम्मद सिमरान, असगर अली, मोहम्मद दानिश और मोहम्मद अल्ताब ने एक-एक गोल किया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन एमआईसी के प्रधानाचार्य ख्वाजा तारिक अहमद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उप प्रधानाचार्य अब्दुल रहमान खान ने धन्यवाद ज्ञापन एवं शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता अकील अब्बास रिजवी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर मोहम्मद जसीम, रवींद्र त्रिपाठी, आनंद सोनकर आदि मौजूद थे।

# पीवी सिंधु के सलाहकार कोच बने दक्षिण कोरिया के ली ह्यून इल




**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु दक्षिण कोरिया के महान खिलाड़ी ली ह्युन इल को अंतरिम आधार पर अपना सलाहकार कोच बनाएंगी।

यह कदम हाल ही में सिंधु के अंतरिम कोच के रूप में अनूप श्रीधर की नियुक्ति के बाद उठाया गया है। दोनों दिसंबर 2024 तक सिंधु की कोचिंग टीम में रहेंगे। उस समय तक स्थायी कोचिंग टीम पर निर्णय होने की उम्मीद है।

सिंधु के अक्टूबर में फिनलैंड ओपन और डेनमार्क ओपन में प्रतिस्पर्धी कार्रवाई में लौटने की उम्मीद है।

पूर्व विश्व नंबर 1 और प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) के दौरान सिंधु के साथी ह्यून इल, विशाल अंतरराष्ट्रीय अनुभव और सावधानीपूर्वक तैयारी के लिए प्रतिष्ठा लेकर आए हैं। वह 2006 की विश्व चैंपियनशिप में एकल में कांस्य पदक विजेता हैं और उनके नाम 2002 और 2014 में दो एशियाई खेलों के टीम स्वर्ण पदक हैं।

श्रीधर के साथ उनके शामिल होने का उद्देश्य एक गतिशील कोचिंग जोड़ी बनाना था, जिसमें अनुभव, सामरिक सटीकता और खेल के गहन ज्ञान का मिश्रण हो। दोनों कोच सिंधु की तैयारी में मदद करेंगे क्योंकि वह ओलंपिक के बाद के अभियान की शुरूआत कर रही हैं और आगामी यूरोपीय सर्किट के लिए अपने खेल को बेहतर बनाना चाहती हैं।

सिंधु ने कहा, "मैं इस महत्वपूर्ण अवधि में अनूप और ली ह्यून इल को अपनी टीम में शामिल करके रोमांचित हूं। भारतीय बैडमिंटन के बारे में अनूप की समझ और उनके रणनीतिक दृष्टिकोण ने मुझे हमेशा प्रभावित किया है और मैं उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।"

सिंधु ने कहा, "ली को उनकी सावधानीपूर्वक तैयारी और शानदार अनुभव के साथ शामिल करना एक सम्मान की बात है। मैंने हमेशा उनके विवरण पर ध्यान देने का सम्मान किया है और मैं इन अगले कुछ महीनों के दौरान उनसे सीखने के लिए उत्सुक हूं।"